हरिभूमि
# रायपुर भूमि



*राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान के पास बनी चौपाटी को आमानाका ओवरब्रिज के पास शिफ्ट करने की कार्यवाही शुरू हो चुकी है। कुछ दुकानों को शिफ्ट भी कर दिया गया है, वहीं शेष दुकानों को शिफ्ट करने के लिए मंगलवार तक का समय दिया गया था, लेकिन दुकानदारों ने शिफ्ट करने के लिए और मोहलत नगर निगम से मांगी थी, जिसके बाद दुकानदारों को 10 दिन की और मोहलत दी गई है।*



### हरिभूमि की टीम ने रात 9 बजे चौपाटी पहुंचकर की लाइव पड़ताल

# साइंस कॉलेज मैदान चौपाटी को मिली 10 दिन की मोहलत, दुकानदार-ग्राहक हटाए जाने से नाखुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इधर शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू होने के बाद हरिभूमि की टीम रात 9 बजे चौपाटी पहुंची और यहां के दुकानदारों से लेकर इन दुकानों में विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लेने पहुंचे ग्राहकों से बातचीत करते हुए शिफ्टिंग को लेकर उनकी राय जानी। इससे पता चला कि चौपाटी की शिफ्टिंग को लेकर न ही दुकानदार खुश हैं और न ही ग्राहक। सभी का कहना है कि चौपाटी को शिफ्ट करना ही था तो आसपास मुख्य सड़क से लगे किसी स्थान पर करना था, ताकि वाहन सुविधा के साथ बिना किसी डर के लोग वहां जा सकें। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### बड़े शहरों में भी कॉलेजों के सामने हैं चौपाटियां

टीम ने चौपाटी में व्यंजनों का स्वाद ले रहे एनआईटी के करीब आधा दर्जन छात्रों से बातचीत की। इनमें अयोध्या निवासी अरुवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मुंबई, दिल्ली जैसे शहरों में भी कॉलेजों के सामने चौपाटियां बनी हुई हैं, जहां हर दिन कॉलेजों के छात्र-छात्राएं जाते हैं। चौपाटी खुलने से पढ़ाई प्रभावित होगी, ऐसा नहीं है।



### बहुत अच्छा है यहां का माहौल

कबीरनगर निवासी दंपति पंकजा वर्मा एवं श्वेता वर्मा भी इस चौपाटी में खाने के लिए पहुंचे थे। पंकज वर्मा ने पहले तो चौपाटी हटाए जाने के निर्णय को सही बताया, लेकिन जब उन्हें पता चला कि चौपाटी को आमानाका ब्रिज के पास शिफ्ट किया जा रहा है, तो उनका भी मत बदल गया। उन्होंने कहा कि आमानाका ब्रिज ▶▶| शेष पेज 13 पर

### *आमानाका ब्रिज का इलाका सूनसान सुरक्षा की दृष्टि से सही नहीं*

*चौपाटी को जिस जगह पर शिफ्ट किया जा रहा है, वह इलाका सूना है। ब्रिज के नीचे जहां अवैध रूप से मोटर वर्कशॉप की दुकानें लगी हुई हैं, जहां दिनभर गाड़ियों की मरम्मत व धुलाई का काम चलता रहता है, वहीं चौपाटी की जगह के कुछ दूर आगे का इलाका सूनसान है। ऐसे में यहां चौपाटी खुलने के बाद भी यहां वह माहौल नहीं मिल पाएगा, जो वर्तमान चौपाटी स्थल पर मिल पा रहा है। साइंस कॉलेज मैदान के आसपास का पूरा इलाका लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से भी सही है, क्योंकि इस मार्ग पर देर रात तक आवागमन के साथ चहल-पहल रहती है, जबकि आमानाका चौपाटी इलाका सूनसान होने के कारण लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से भी सही नहीं है।*

## खबर संक्षेप

### सीएम साइबर भवन का आज करेंगे उद्घाटन



**रायपुर।** पुलिस मुख्यालय में बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पुलिस मुख्यालय परिसर में साइबर भवन का उद्घाटन करेंगे। साथ ही समझौता ज्ञापन (एमओयू) का निष्पादन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गृहमंत्री विजय शर्मा करेंगे। इस अवसर पर पुलिस विभाग के डीजीपी सहित वरिष्ठ अफसर उपस्थित रहेंगे।

### कबाड़ी की जेब से सवा लाख पार

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में पेशे से कबाड़ी एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ अपने जेब में रखी नकदी रकम एक लाख 24 हजार रुपए तथा मोबाइल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसराइल अंसारी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। इसराइल ने पुलिस को बताया कि वह अपनी दुकान बंद कर घर में खाना खाने के बाद सो गया, इस दौरान कोई अज्ञात चोर उसकी जेब में रखी नकदी रकम तथा मोबाइल चोरी कर ले गया।

### कार टकराने के विवाद पर गाली-गलौज, दी धमकी

**रायपुर।** कोतवाली थाने में एक कार चालक ने एक अन्य कार चालक के खिलाफ टकराने के विवाद पर गाली-गलौज तथा धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ऐश्वर्यजीत दुबे ने कार सीजी 04 एनजे 7879 के चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।



ऐश्वर्यजीत ने पुलिस को बताया कि बैजनाथपारा से कोतवाली जाने वाले मार्ग में रोड किनारे वह अपनी कार खड़ी कर दोस्तों से बात कर रहा था। इस दौरान दूसरे कार चालक ने आकर उसकी कार को ठोकर मार दी। समझाने पर कार चालक तथा उसमें सवार अन्य लोगों ने ऐश्वर्यजीत के साथ गाली-गलौज कर धमकी दी।

### आपसी रंजिश में मारपीट सिर पर किया वार

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रोफेसर कॉलोनी निवासी अमित देवांगन ने योगेंद्र ताम्रकर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अमित ने पुलिस को बताया कि आपसी रंजिश के चलते योगेंद्र ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर ईंट, पत्थर से उसके सिर पर वार कर दिया।

### गाली-गलौज से रोकने पर चाकू से किया हमला

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक युवती ने एक युवक के खिलाफ गाली-गलौज करने से मना करने पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शुभांगी वर्मा ने हेमंत शर्मा के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। शुभांगी ने पुलिस को बताया कि हेमंत उसकी बहन के साथ गाली-गलौज कर रहा था। शुभांगी ने हेमंत को गाली-गलौज करने से मना किया तो उसने शुभांगी पर चाकू से हमला कर दिया। हमले से शुभांगी की आंख के पास चोट लगी है।

### अपनी 6 सूत्रीय मांगों को मनवाने प्रदेशभर के दिव्यांग आंदोलन करने राजधानी में हुए एकत्र

# दिव्यांगों पर सख्ती, प्रदर्शन करने से रोका बिना गिरफ्तारी भवन में बंद कर रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पेंशन राशि में वृद्धि करने सहित 6 सूत्रीय मांगों को मनवाने के प्रदेशभर के दिव्यांग मंगलवार को राजधानी रायपुर में प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इस प्रदर्शन के दौरान मरीन ड्राइव तेलीबांधा से मुख्यमंत्री निवास तक पैदल मार्च किया जाना था, लेकिन प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए दिव्यांगों को टिकरापारा स्थित साहू भवन में ही कैद कर दिया और उनके प्रदर्शन कार्यक्रम को होने से पहले ही रोक दिया। इधर प्रदर्शन नहीं करने देने से दिव्यांगों में भारी नाराजगी देखी गई, जिसके कारण कई दिव्यांगों ने साहू भवन के सामने सड़क पर चक्काजाम करते हुए नारेबाजी की। हालांकि यह प्रदर्शन भी ज्यादा समय तक चल नहीं पाया। मौके पर तैनात पुलिस कर्मियों ने चक्काजाम कर रहे प्रदर्शनकारियों पर सख्ती दिखाते हुए सभी को जबरदस्ती उठाकर उन्हें भी भवन में ले जाकर कैद कर दिया।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर एक ओर जहां रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के दिव्यांग अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का बहिष्कार करते हुए सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने के लिए रायपुर में एकत्र हुए। छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने अपनी मांगों को पूरा नहीं करने की स्थिति में राजधानी में 3 दिसंबर को पैदल मार्च करने की घोषणा की थी। इस घोषणा के तहत प्रदेशभर से दिव्यांगों का 2 तारीख से ही रायपुर आना शुरू हो गया था। बस्तर, अंबिकापुर, कांकेर, जशपुर, कोरबा, बेमेतरा, रायगढ़ सहिब लंबी दूरी वाले जिलों से ▶▶| शेष पेज 13 पर



### चक्काजाम के दौरान पुलिस कर्मियों से झूमाझटकी

भवन में कैद करने के बाद भी बड़ी संख्या में दिव्यांग भवन के बाहर भी थे। इन दिव्यांगों ने अपने साथियों को कैद करने और प्रदर्शन करने से रोके जाने के विरोध में सड़क पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। इसके कारण सिद्धार्थ चौक से संतोषीनगर जाने वाला मार्ग में करीब आधे घंटे यातायात भी बाधित हुआ। इसे देखते हुए पुलिस बल को भी सख्ती दिखानी पड़ी और प्रदर्शनकारियों को जबरदस्ती सड़क से उठाकर भवन में ही कैद करना पड़ा। इस दौरान पुलिस कर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच मामूली झूमाझटकी भी हुई।

### देर रात तक डटे रहे दिव्यांग



### आंदोलन जारी रहेगा

दिव्यांग सेवा संघ के प्रदेश सचिव विद्या भूषण साहू ने बताया कि उनकी मांगों को लेकर पूर्व में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। इसके बाद भी मांगों पर विचार नहीं किया गया है। ऐसे में अब उनके आंदोलन को रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर शासन से ठोस आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।



### रात सड़क पर बिताएंगे प्रदर्शकारी

साहू भवन के अंदर परिसर में दिव्यांगों को रात 10 बजे तक कैद करके रखा गया। इसके बाद अधिकारियों के निर्देश पर परिसर का गेट को खोल दिया गया, लेकिन इसके बाद भी प्रदर्शनकारियों को पुलिस कर्मियों के घेरे में ही रखा गया है। इधर सुबह से देर रात तक प्रदर्शनकारियों को साहू भवन परिसर में रोके जाने के कारण दूसरे जिलों से पहुंचे दिव्यांग अपने घर लौट नहीं पाए, साथ ही जिस भवन में दिव्यांगों को रखा गया था, उस भवन को संघ द्वारा सिर्फ शाम तक के लिए ही किराए पर लिया था। इस भवन को बुधवार को शादी समारोह के लिए बुकिंग की गई है। इसे देखते हुए सामाजिक भवन के पदाधिकारियों ने संघ के लोगों को भवन खाली करा दिया गया है। इधर भवन खाली करने के बाद सभी दिव्यांग सड़क पर उतर आए है। उनका कहना है कि उनके पास रहने के लिए और कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए वे सड़क पर ही रात गुजारेंगे। इधर प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि बिना अनुमति के प्रदर्शन करने दिव्यांग रायपुर पहुंचे है। उन्हें कई बार समझाईश भी दी कि प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर सभी वापस लौट जाए, लेकिन उनकी बात नहीं मानकर यहीं रूके हुए है। प्रदर्शनकारियों के रूकने की व्यवस्था संघ द्वारा ही की जाती है।

## पत्नी की कमाई के भरोसे चल रहा परिवार, मासिक पेंशन पांच सौ जिससे एक दिन का खाना भी नहीं आता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिव्यांग पेंशन योजना के तहत दैनिक खर्चों को पूरा करने के लिए दिव्यांगों को मासिक 5 सौ रुपए दिया जाता है। महंगाई के इस दौर में पांच सौ रुपए पाने वाले दिव्यांगों के लिए यह राशि कोई मायने नहीं रखती। हरिभूमि ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर राजधानी रायपुर में प्रदर्शन करने पहुंचे दिव्यांगों में कई लोगों से बातचीत की। इस दौरान दुर्ग जिले से आए दिव्यांग भूषण तांडी (दोनों पैर से दिव्यांग) ने अपनी मांगों को जायज बताते हुए कहा कि सरकार से उसे प्रति माह पांच सौ रुपए पेंशन मिलता है, जिससे एक दिन का खाना भी नहीं मिल पाता। उसने बताया कि उसके परिवार में उसे मिलाकर कुल 5 सदस्य हैं, जिसमें उसकी विधवा मां, उसके दो बच्चे एवं पत्नी है। वह बेरोजगार है, इसलिए पत्नी की कमाई से ही उसका परिवार चलता है। ऐसे में पेंशन का 5 सौ रुपए क्या मायने रखता है। ▶▶| शेष पेज 13 पर



### सिलाई करके परिवार के खर्च में हाथ बंटा रही पुष्पा



ग्राम खनतरा बेमेतरा निवासी पुष्पा ध्रुव भी दोनों पैर से विकलांग है। उसने बताया कि वह सिलाई का काम करके परिवार के खर्च में हाथ बंटाती है। उसने बताया कि उसका विवाह नहीं हुआ है और उसकी उम्र 25 वर्ष है। वंदन महतारी योजना के तहत विवाहित महिला को ही मासिक एक हजार रुपए दिया जा रहा है। दिव्यांग होने के कारण उसका विवाह नहीं हो पा रहा है, इसलिए वंदन महतारी योजना में उनके जैसी अविवाहित महिलाओं को भी शामिल किया जाना है।

### मोटर वाइंडिंग का काम जानता हूं पर कोई लोन नहीं दे रहा



दोनों पैर से दिव्यांग संजय जांगड़े बेमेतरा जिले के ग्राम गिधवा का रहने वाला है। संजय को भी पेंशन योजना के तहत मासिक 5 सौ रुपए मिलता है। उसका कहना है कि वह मोटर वाइंडिंग का काम करता है। यह काम उसने एक दुकान में काम करते हुए सीखा है। इसके बाद वह उसी दुकान में 3 हजार रुपए मासिक वेतन पर काम करता है। उसके परिवार में कमाने वाला और कोई नहीं है, इसलिए वह घर का पूरा खर्च उठाने के लिए खुद की वाइंडिंग दुकान खोलना चाहता है, लेकिन उसे लोन तक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग का फर्जी सर्टिफिकेट से कई लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं, जिसके कारण बेरोजगार, जरूरतमंद व पात्र दिव्यांगों को नौकरी नहीं मिल पा रही है।

# एक दिन पूर्व खरीदी गई कार को शातिराना अंदाज में ले गए चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में बदमाश वैसे ही पुलिस को हर स्तर पर चुनौती दे रहे हैं, उनके खिलाफ सख्ती करने पुलिस तरह-तरह के उपाय भी कर रही है, बावजूद इसके चोर, बदमाश सुधरने के बजाय लगातार आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। विशेषकर घरों में चोरी करने वालों के साथ ▶▶| शेष पेज 13 पर

- **फार्म हाउस में आबकारी टीम की छापेमारी के दौरान चोर वैले पार्किंग से चाबी निकाल कर कार ले उड़े**

### अफरा-तफरी के बीच चाबी पर किया हाथ साफ

आशीष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक को वह किसी की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने के लिए शगुन फार्म हाउस गया था। इस दौरान उसने फार्म हाउस में पार्किंग की व्यवस्था देख रहे गार्ड को कार की चाबी पार्क करने दे दी। पार्टी से निकलने के बाद आशीष ने देखा कि उसकी कार पार्किंग से गायब थी। जानकारी के मुताबिक कारोबारी की जिस रात फार्म हाउस से कार चोरी हुई थी, उसी दिन आबकारी विभग की टीम फार्म हाउस में बगैर अनुमति शराब परोसने को लेकर छापे की कार्रवाई करने ▶▶| शेष पेज 13 पर

### पोज देने के बाद एक्टिवा पर किया हाथ साफ

एक अन्य मामले में गंज थाना क्षेत्र में एक शातिर ने एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे छात्र डॉ. आकाश पटेल की एक्टिवा को शातिराना अंदाज में पोज देते हुए चोरी कर ले गया। इसका सीसीटीवी फूटेज सामने आया है। सीसीटीवी से मिले फूटेज के मुताबिक साईं नगर स्थित शर्मा आपार्टमेंट के नीचे खड़ी आकाश की एक्टिवा में पहले एक युवक आकर बैठता है, उसके बाद वह एक्टिवा की डिक्की खोलकर कीमती सामान की जांच करता है। रास्ते में लोग आ-जा रहे थे। इसलिए चोर एक्टिवा में पोज देते हुए स्टाइल से बैठता है। कुछ देर बाद वह एक्टिवा को बाहर खींचकर निकालता है और चोरी कर ले जाता है।

## जिला स्तर पर होगी पांचवी आठवीं की बोर्ड परीक्षा, थाने में जमा रहेंगे प्रश्नपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस साल से होने वाली पांचवी-आठवीं की बोर्ड परीक्षा का आयोजन जिला स्तर पर किया जाएगा। इसके लिए विद्यार्थियों से अलग से शुल्क नहीं लिया जाएगा। परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र थाने में सुरक्षित रखे जाएंगे। विद्यार्थी अगर नियमित परीक्षा में फेल होता है, तो उसे दो महीने के भीतर उन्हें पुनः मौका दिया जाएगा।

- **स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी कलेक्टर डीईओ को जारी किया निर्देश**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कैबिनेट की बैठक में वर्ष 2024-25 में कक्षा 5वी और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा आयोजित करने का फैसला लिया था। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार को इस संबंध में सभी कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी को परीक्षा से संबंधित निर्देश ▶▶| शेष पेज 13 पर

### शिक्षा के गिरते स्तर पर निर्णय

केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2010 से अनिवार्य शिक्षा के अधिकार के तहत पांचवी-आठवीं बोर्ड परीक्षा समाप्त कर दी गई थी। आठवीं तक किसी बच्चे को फेल नहीं किया जाता था। अनुभव किया गया कि इसकी वजह से शिक्षा के स्तर में गिरावट आ रही है। जिसकी वजह शिक्षा के अधिकार के नियम में संशोधन किया गया है। पांचवी-आठवीं के केंद्रीकृत परीक्षा सीजी पाठ्यक्रम के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में लागू होगी।

# लगातार चौथे माह महंगी बिजली का झटका, अब तीन फीसदी और इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को लगातार चौथे माह भी महंगी बिजली का झटका लगा है। अब अक्टूबर की बिजली तीन फीसदी महंगी हो गई है। जून से लगातार कीमत में इजाफा होने के कारण बीते चार माह में बिजली की कीमत करीब 17 फीसदी बढ़ी है। जून में जब बिजली का नया टैरिफ जारी हुआ था, तो उस माह की बिजली महंगी न होकर ऊर्जा प्रभार कम होने से कीमत कम हो गई थी। अब हर माह बिजली की कीमत तय होने के कारण जून में ऊर्जा प्रभार यानी टैरिफ पर जो शुल्क 0.69 प्रतिशत था, वह अब अक्टूबर में 17.31 फीसदी हो गया है। अब दिसंबर में जो नवंबर का बिल आएगा, उसमें अक्टूबर की खपत के हिसाब के अंतर की राशि ली जाएगी। 100 यूनिट तक टैरिफ 3.90 रुपए प्रति यूनिट है। इसमें 17.31 फीसदी के हिसाब से अतिरिक्त पैसे लगेंगे। आगे जितनी खपत होगी उसके टैरिफ के हिसाब से पैसे अतिरिक्त पैसे लगेंगे। लेकिन चार सौ यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना के कारण पैसे आधे ही लगेंगे।

प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले पिछले साल अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया। इसके बाद मई में 10.29 प्रतिशत, जून में 14.23, जुलाई में 11.43, अगस्त में शुल्क 10.31 प्रतिशत रहा। सितंबर और अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण अगस्त का शुल्क लिया गया। बाद में सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय होने पर इसका समायोजन किया गया। नवंबर में शुल्क कम होकर 7.04 प्रतिशत हो गया। दिसंबर में यह शुल्क 6.30 प्रतिशत था।



- **अब हर माह तय होती है कीमत, जून में ऊर्जा प्रभार पर शुल्क 0.69 प्रतिशत था वह अब 17.31 प्रतिशत हो गया**

### जुलाई से लगातार झटका

नए साल के पहले माह जनवरी में यह शुल्क 6.70 प्रतिशत, फरवरी में 10.12, मार्च में 7.20 फीसदी, अप्रैल में 9.22 और मई में यह घटकर 9.10 फीसदी हो गया। इसके बाद जून में यह सबसे कम 0.69 फीसदी हो गया था। लेकिन इसके बाद जुलाई से लगातार इसमें इजाफा हो रहा है। जुलाई में यह 4.72 फीसदी हुआ। यानी जुलाई में बिजली चार फीसदी महंगी हुई। इसके बाद अगस्त में बड़ा झटका और यह 11.95 फीसदी हो गया। यानी अगस्त में बिजली की कीमत में 7.23 फीसदी का इजाफा हुआ। सितंबर में ऊर्जा प्रभार पर शुल्क 14.23 होने के कारण इस माह 2.28 फीसदी बिजली की कीमत बढ़ी और अब अक्टूबर में ऊर्जा प्रभार पर शुल्क 17.31 प्रतिशत होने के कारण कीमत में 3.08 फीसदी का इजाफा हो गया है।

## महिलाओं के नाम पर लोन लेकर ठगी, एसएसपी से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तिल्दा-नेवरा में एक दंपति द्वारा लोगों को अपनी मजबूरी बताकर बैंक से लोन लेकर ठगी करने का मामला सामने आया है। दंपति पर नौ परिवार की महिलाओं के नाम पर लाखों रुपए की लोन लेकर ठगी का आरोप लगाया है। घटना की पीड़ित महिलाओं ने एसडीएम तथा एसएसपी कार्यालय में लिखित में शिकायत दर्ज कराई है।



- **घटना तिल्दा थाना क्षेत्र की**

पुलिस के अनुसार, रजिया बेगम तथा उसके पति रज्जाब खान के खिलाफ लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक, रजिया तथा उसके पति ने लोगों को अपने परिवार की मजबूरी बताकर उनके नाम से बैंक से लोन लेकर ▶▶| शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय आज जाएंगे दिल्ली



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार शाम को दिल्ली जाएंगे। दिल्ली में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन गुरुवार को वे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उनके बस्तर दौरे से पहले वहां के विकास और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि 13 दिसंबर को बस्तर ओलिंपिक में शामिल होने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। वहां नक्सल विरोधी अभियान के प्रगति की जानकारी भी लेंगे।

### मुख्यमंत्री ने दी भारतीय नौसेना दिवस की बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस पर जल सीमाओं के प्रहरी भारतीय नौसैनिकों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने नौसेना के उन शूरवीरों को अपनी श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने देश सेवा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। श्री साय ने कहा कि भारतीय नौसेना के जवान साहस, शौर्य और निष्ठा के प्रतीक हैं। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा और आपदा राहत के दौरान सराहनीय भूमिका निभाई है। उनकी सेवा और बलिदान का देश सदा ऋणी रहेगा।

### जिले में 13 हजार 408 टन धान खरीदी

**रायपुर।** जिले के उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदी जारी है। जिले में मंगलवार को 3 हजार 25 किसानों से 13 हजार 408 टन धान की खरीदी की गई। इस तरह इन किसानों से 30 करोड़ 85 लाख रुपए धान की खरीदी हुई। इस खरीदी के बाद जिले में अब तक 139 उपार्जन केंद्रों में 36 हजार 112 किसानों से 1 लाख 52 हजार 403 टन धान की खरीदी हुई है। इन किसानों से अब तक 350 करोड़ 75 लाख रुपए की धान की खरीदी की गई है।

### शासकीय हाईस्कूल उरला में किया पौधारोपण



**रायपुर।** एसकेए स्टील एंड पॉवर प्रायवेट लिमिटेड उद्योग द्वारा सीईआर के तहत एक पेड़ मां के नाम थीम पर द्वितीय चरण के तहत वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शासकीय हाईस्कूल उरला में पौधारोपण किया गया। साथ ही विद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 2 वाटर कूलर भी स्थापित किए गए। इस मौके पर पॉवर लिमिटेड के महाप्रबंधक अखिल अग्रवाल ने कहा कि उनके उद्योग की इस पहल से अब गर्मी के दिनों में पाठशालाओं के छात्र-छात्राओं को स्वच्छ एवं शीतल जल उपलब्ध होगा।

### धान खरीदी केंद्र बिलाड़ी प्रभारी हटाए गए

**रायपुर।** जिले के धान खरीदी केंद्र बिलाड़ी में निरीक्षण के दौरान सहकारिता विभाग के जिला अधिकारी एनआरके चंद्रवंशी द्वारा पाया गया कि उपार्जन केंद्र के प्रभारी मुकेश बैष्णव द्वारा बिना ड्रेनेज के धान की स्टेकिंग की गई है, जबकि शासन की उपार्जन नीति में प्रावधान है कि धान का स्टेकिंग ड्रेनेज के ऊपर की जाए। इस प्रकार मुकेश वैष्णव द्वारा धान उपार्जन के नियमों का उल्लंघन किया गया, जिसके कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्रवाई की गई।

### गागर नदी पर एनीकट निर्माण कार्य के लिए 4.95 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने सरगुजा जिले के विकासखंड लुण्ड्रा के ग्राम असकला में गागर नदी पर एनीकट एवं काजवे के निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 95 लाख 73 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। योजना के निर्माण निस्तारी, पेयजल, भू-जल संवर्धन एवं सोलर संयंत्र और पाईप डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के माध्यम से करीब 175 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ एवं रबी की फसलों के लिए क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। सिंचाई योजना के निर्माण कार्य को करने के लिए जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अम्बिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

# 20 हजार से ज्यादा बूथों में भाजपा की कमेटियां बनीं, अब 15 तक होंगे मंडल अध्यक्ष के चुनाव

## अब तक एक भी बूथ 50 से कम सदस्य वाला सामने नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव चल रहा है। मंगलवार से मंडलों में अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। करीब 25 हजार बूथों में बूथ कमेटियां बनाने का काम चल रहा है। अब तक 20 हजार दो सौ बूथों में कमेटियां बन गई हैं। अब तक एक भी बूथ ऐसा सामने नहीं आया है, जहां पर 50 से कम सदस्य होने के कारण एडहॉक कमेटी बनाने की जरूरत पड़ी हो। बचे बूथों में से जिन बूथों में 50 से कम सदस्य होंगे, वहां पर एडहॉक कमेटी बनेगी। भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव अगले साल जनवरी में होना है। इसके पहले देश के सभी राज्यों में भाजपा के संगठन चुनाव हो रहे हैं। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी 20 नवंबर से बूथ कमेटियां का चुनाव चल रहा है। यह चुनाव वैसे तो 30 नवंबर तक समाप्त हो जाना था, लेकिन तय समय तक 15 हजार बूथों में ही चुनाव हो सका था, ऐसे में प्रदेश संगठन ने समय सीमा को पांच दिसंबर तक बढ़ाया है। दो दिनों बाद यह समय सीमा भी समाप्त हो जाएगी। प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख के मुताबिक तीन दिसंबर की स्थिति में 20 हजार दो सौ बूथों में बूथ कमेटियों का गठन हो चुका है। अभी छह जिलों से रिपोर्ट नहीं आई है। उन्होंने कहा, संभावना है कि पांच दिसंबर तक सभी बूथों में कमेटियां बन जाएंगी।




### 15 तक बन जाएंगे सभी मंडलों में अध्यक्ष

भाजपा के 405 मंडलों के चुनाव के लिए 1 से 15 दिसंबर का समय तय किया गया है। एक दिसंबर को प्रदेश संगठन की बैठक के कारण मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हे सकी। प्रदेश संगठन की बैठक में तय किया गया, पहले सभी जिलों में दो दिसंबर को कार्यशाला होगी। ऐसे में दो दिसंबर को सभी जिलों में कार्यशाला के बाद अब तीन दिसंबर से मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 15 दिसंबर तक सभी मंडलों में अध्यक्ष बन जाएंगे। जो भी दावेदार सामने आएंगे, उनसे पर्यवेक्षक और जिलों के पदाधिकारी बात करके सर्वसम्मति से किसी एक को मंडल अध्यक्ष बनाने का काम करेंगे। जहां पर सर्वसम्मति नहीं बन पाएगी, वहां पर मतदान से चुनाव होगा।

## मुख्यमंत्री साय बोले- हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को विकसित बनाएंगे

# भाजपा ने मनाया जनादेश दिवस सीएम साय ने खुद भी फोड़े पटाखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





भाजपा ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर जनादेश दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुद भी पटाखे चलाए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं व कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए पार्टी की जीत की सालगिरह मनाई और अपने उत्साह व उल्लास को व्यक्त किया। पिछले वर्ष 3 दिसंबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित हुए थे, जिसमें भाजपा ने ऐतिहासिक जनादेश के साथ शानदार जीत अर्जित की थी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा, 3 दिसंबर को हम सभी लोग जनादेश दिवस के रूप में मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व सभी केंद्रीय नेताओं के मार्गदर्शन में जनता ने मोदी जी की गारंटी पर मुहर लगाई। श्री साय ने कहा, तब श्री साव ने नेतृत्व महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों को साथ लेकर कांग्रेस के कुशासन को उखाड़ फेंकने के लिए, कांग्रेस की भूपेश सरकार के गलत कार्यों के विरुद्ध जनमत तैयार करने के लिए संघर्ष और आंदोलन किए। श्री साय ने कहा, तब कोई यह मानने को तैयार ही नहीं था कि भाजपा की सरकार बनेगी। तत्कालीन कांग्रेस सरकार तो इतना ओवर कॉन्फिडेंस में थी कि सरकार तो कांग्रेस की बनेगी, सबने मिलकर तत्कालीन सरकार और कांग्रेस पार्टी की मुखालफत की और चुनाव जीतने में सफल हुए। श्री साय ने कहा, पूरे प्रदेश में सुशासन देने का हमारा संकल्प है। श्री साय ने कहा कि आज कई क्षेत्रों में जो भ्रष्टाचार का रास्ता था, हम उसे बंद कर रहे हैं। हम सभी लोग मिलकर छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में खड़ा करेंगे।

### अब विष्णु का सुशासन : साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, एक साल पहले छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन ने कांग्रेस की अत्याचारी और भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंका था। आज राज्य में विष्णु का सुशासन है और प्रदेश विकास की ओर तेज गति से बढ़ रहा है। श्री साव ने तब कही गई अपनी बात को भी याद किया कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता न डरेगा, न झुकेगा और राज्य की अन्यायी, अत्याचारी और भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंके बिना चैन की नींद नहीं सोएगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भूपेंद्र सवन्नी, संजय श्रीवास्तव, किशोर महानंद, सौरभ सिंह, नरेश चंद्र गुप्ता, अमित चिमनानी, अनुराग अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, जयंती पटेल, छगनलाल मूंदड़ा, सचिदानंद उपासने, केदार गुप्ता, नलिनीश ठोकने, राजीव चक्रवर्ती, अंजय शुक्ला, सलीम राज, अशोक बजाज, सुनील पिल्लई, मितुल कोठारी, तौकीर रजा, उमेश घोरमोड़े, गौरी शंकर श्रीवास, अभिनेश कश्यप, राहुल टिकरिया, सुनील चौधरी, सत्यम दुआ, जेपी चंद्रवंशी, विश्वादिनी पांडेय, किरण बघेल, तुषार चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मूणत ने हीरापुर अटारी में स्कूल-कालेज के लिए दिलवाया फंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत का अपने क्षेत्र के वार्डों के स्कूल-कालेजों में सुविधाएं दिलाने का अभियान जारी है। इस बार उन्होंने वीर सावरकर नगर (हीरापुर-जरवाय, अटारी) इलाके के सरकारी स्कूल और कालेज में जरूरत के मुताबिक प्रार्थना शेड और कमरों में सीपेज की मरम्मत तथा कालेज में फेंसिंग समेत सामुदायिक भवन और सीसी रोड के लिए 30 लाख रुपए से ज्यादा का फंड दिलवाया है। श्री मूणत ने इन सभी कार्यों का भूमिपूजन भी कर दिया। सभी काम बुधवार-गुरुवार तक चालू कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, इस वार्ड की बड़ी आबादी सरकारी स्कूल-कालेजों पर निर्भर है। वहां अध्ययनरत छात्रों और टीचिंग स्टाफ की शैक्षणिक सुविधाओं से जुड़ी हर जरूरत पूरी की जाएगी। उन्होंने स्कूल मेंटेनेंस और सीसी रोड के लिए सीएम साय तथा डिप्टी सीएम अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# अब मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति की तैयारी, सवा दो लाख वेतन, तीन साल का कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ सूचना आयोग में अब मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति होगी। इस एक पद के लिए सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आवेदन बुलाए हैं। खास बात ये है कि यह नियुक्ति तीन साल के लिए होगी और मुख्य सूचना आयुक्त का मासिक वेतन सवा दो लाख रुपए महीना होगा। यह पद लंबे समय से खाली है। अब से पहले इस पद के लिए सितंबर 2022 और फरवरी 2024 में भी आवेदन बुलाए गए थे, लेकिन उस समय भर्ती नहीं की गई थी।

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ ने मुख्य सूचना आयुक्त के लिए आवेदन मंगाए हैं। ये आवेदन 16 दिसंबर तक लिए जाएंगे। बताया गया है कि इस पद के लिए भारत का कोई भी नागरिक आवेदन कर सकता है। इस पद के लिए योग्यता ये है कि आवेदक विधि, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, प्रबंध, पत्रकारिता जनसंपर्क, माध्यम या प्रशासन और शासन में व्यापक ज्ञान का अनुभव रखने वाला प्रख्यात व्यक्ति होना चाहिए। आवेदक संसद का सदस्य या किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के विधान मंडल का सदस्य नहीं होगा या कोई अन्य लाभ का पद धारण नहीं करेगा। किसी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं होगा। ये साफ किया गया है कि मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्ति के पहले संबंधित व्यक्ति को लाभ का पद, कोई कारोबार या व्यापार छोड़ना या बंद करना होगा। 65 साल की आयु प्राप्त करने वाले व्यक्ति नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

## नए विधायक सोनी एक्शन मोड में

# विकास का रोडमैप बनाने जोन आयुक्तों को निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण से जीतने वाले भाजपा के विधायक सुनील सोनी जीत के बाद अब अपनी विधानसभा के विकास के लिए एक्शन मोड में आ गए हैं। मंगलवार को नगर निगम के कमिश्नर और अपनी विधानसभा के नगर निगम के चार जोन के आयुक्तों को बुलाकर जहां रायपुर दक्षिण में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली, वहीं विकास का रोड मैप भी बनाने के निर्देश दिए हैं। सुनील सोनी ने जोन आयुक्तों से दो टूक कहा, किसी भी हाल में विकास के कामों में लापरवाही नहीं चलेगी। सभी योजनाओं के कामों को समय पर पूरा करना है। उन्होंने विधानसभा के वार्डों में चल रही योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा विधानसभा में हर तरह के विकास कार्यों को पूरा करना है। जनता के हितों वाली योजनाओं को समय पर पूरा किया जाए। किसी भी हाल में विधानसभा की जनता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मृत्युंजय दुबे, सरिता दुबे, सरिता वर्मा, सावित्री साहू के साथ नगर निगम कमिश्वर अबिनाश मिश्रा, स्मार्ट सिटी के उज्जवल पोरवाल सहित चार जोनों करे आयुक्त उपस्थित थे।

# पीएम आवास 2.0 दस्तावेज के अभाव में हितग्राहियों के आवेदन निरस्त नहीं करें, देना है योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत किए गए आवेदनों को निरस्त किए जाने के मामलों को सरकार ने गंभीरता से लिया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने इस संबंध में कहा है कि ऐसा करने से संभव है कि पात्र हितग्राहियों का एक बड़ा वर्ग दस्तावेज के अभाव में शासन की योजना से वंचित हो जाएगा, जबकि यह शासन की महती योजना है। इसका प्रमुख उद्देश्य अधिकतम पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उन्हें योजना का लाभ देना है। दस्तावेज की कमी वाले आवेदकों को रियायत देने कहा गया है।




### सूडा ने जारी किया आदेश

इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को आदेश जारी किया गया है। भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने शहरी क्षेत्रों में सबके लिए आवास मिशन के तहत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजन 2.0 लागू की है। पिछले महीने नवंबर से योजना लागू होने के बाद 15 नवंबर से ही राज्य के सभी नगरीय निकायों में भारत सरकार के यूनिफाइड़ वेब पोर्टल रैपिड असेसमेंट सर्वे भी प्रारंभ किया जा चुका है। इस सर्वे में सभी आवश्यक जानकारी दर्ज करने के निर्देश हैं। इस प्रक्रिया के तहत आवेदक का आधार विवरण, परिवार के सदस्यों का आधार विवरण, बैंक खाता, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, और भूमि दस्तावेज मांगे जा रहे हैं।

### सामने आई ये गड़बड़ी

सूडा ने पाया है कि शासन के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि कुछ नगरीय निकाय योजना के तहत हितग्राहियों द्वारा रैपिड असेसमेंट सर्वे के अंतर्गत आए आवेदनों को दस्तावेज के अभाव में निरस्त किया जा रहा है। सूडा का कहना है कि योजना के तहत हितग्राही सर्वेक्षण प्रारंभ किए जाने के लिए शासन का मूल उद्देश्य समस्त संभावित लाभार्थियों को योजना के तहत आवास उपलब्ध कराना है। लेकिन दस्तावेजों की कमी के कारण हितग्राहियों के आवेदन निरस्त किए जाने से हितग्राहियों का एक बड़ा वर्ग शासन की इस योजना से वंचित हो जाएगा। ऐसे हितग्राहियों के लिए अब ये छूट दी गई है।

### अब दिए गए हैं ये निर्देश

सूडा ने अब निकायों से कहा है कि हितग्राहियों के आवेदनों को दस्तावेज की कमी के कारण तत्काल निरस्त न करते हुए संबंधित हितग्राहियों के दस्तावेज की पूर्ति के लिए समय दें, जिससे अधिकतम हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। हितग्राहियों को अनिवार्य दस्तावेजों जैसे जाति प्रमाणपत्र आय प्रमाणपत्र के लिए संबंधित राजस्व कार्यालय से नगरीय निकायों द्वारा व्यक्तिगत समन्वय स्थापित कर संभावित हितग्राहियों को दस्तावेज प्राप्त करने के लिए आवश्यक सहयोग दें।

## धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत किसानों से की चर्चा

# प्रदेशभर के धान खरीदी केंद्रों में भारी अव्यवस्था किसानों की समस्या से अवगत हुए कांग्रेसी नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



धान खरीदी में किसानों की समस्याओं को देखने तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिये सरकार का ध्यानाकर्षण करने के लिये कांग्रेस ने प्रदेश के सभी धान खरीदी केंद्रों में 'धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया।' कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी विभिन्न सोसाइटियों में जाकर किसानों की समस्याओं की जानकारी ली। विधायकों और पूर्व विधायकों सहित जिला अध्यक्षों ने भी अपने-अपने जिलों में धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर किसानों की समस्या जानी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बस्तर के छापरभानपुरी, तरन्जी, बरान्जी, टोकापाल धान खरीदी केन्द्र जाकर व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा धान बेचने आये किसानों से चर्चा की। किसानों ने बताया कि बारदाने की कमी है, टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, किसानों को भुगतान मात्र 2300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से हो रहा है। 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर जिले के खरोरा के ग्राम माठ के धान खरीदी केंद्र में गए तथा वहां पर उपस्थित धान बेचने आये किसानों एवं सोसाइटी कर्मचारियों से चर्चा कर धान खरीदी में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने पूर्व मुख्यमंत्री को बताया कि सबसे ज्यादा टोकन को लेकर परेशानी आ रही है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है।

### जिले में इन नेताओं ने किया दौरा

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, उधोराम वर्मा ने धरसींवा धान खरीदी केंद्र और सांकरा धान खरीदी केंद्र में गए तथा वहां पर उपस्थित धान बेचने आये किसानों एवं सोसाइटी कर्मचारियों से चर्चा कर धान खरीदी में आ रही समस्याओं की जानकारी ली।

### सिंहदेव ने यहां किया दौरा

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव महासमुंद के पिथौरा, राजाडेरा एवं बिलाईगढ़ के सरसींवा सोसाइटी गये। इन सोसाइटियों में भी किसान बारदाने, टोकन, कम तौल एवं उठाव की समस्या से परेशान हो रहे हैं।

# पीएम आवास योजना सर्वे में भेदभाव व अन्य मुद्दों पर कांग्रेस करेगी आंदोलन

## शहर कांग्रेस ने ली पार्षद दल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रायपुर नगर निगम के पार्षद दल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में टैक्स वसूली के नाम पर आम जनता को परेशान करना, बढ़ते हुए बिजली बिल एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में भेदभाव के साथ रायपुर राजधानी में मच्छरों के बढ़ते हुए प्रकोप जैसी समस्या को लेकर चर्चा हुई ।

शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने बताया कि भाजपा की सरकार में आम जनता को काफी परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है। बढ़ते हुए बिजली बिल और टैक्स वसूली के नाम पर निगम द्वारा लोगों के घरों में टैक्स की रसीद को चस्पा कर वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे के नाम पर भेदभाव किया जा रहा है। निगम एवं जिला प्रशासन भाजपा के दबाव में कार्य कर रही है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यापारियों एवं छोटे दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है इन सभी मुद्दों को लेकर हम आगामी दिनों में जोन वार आंदोलन करेंगे। बैठक में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय कुलदीप जुनेजा प्रमोद दुबे पंकज शर्मा आकाश शर्मा सहित कई पार्षद मौजूद थे।

# अब डाक्टर और नर्सिंग स्टाफ भी चोरों के निशाने पर, अब तक नहीं लगे नए कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूर दराज से आने वाले मरीज और उनके अटेंडरों के साथ अब डाक्टर और नर्सिंग स्टाफ भी चोरी के शिकार होने लगे हैं। आंबेडकर अस्पताल में इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने और बिगड़े कैमरों को सुधारने की योजना बनाई गई थी, जो तीन माह बाद भी अधूरी है।

जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले अस्पताल के वार्ड नंबर-12 से एक फिजियोथैरेपिस्ट का बैग किसी ने गायब कर दिया। बैग में साढ़े तीन हजार रुपए नकदी के साथ अन्य दस्तावेज और कार की चाबी थी। इतना ही नहीं, वार्ड में काम करने वाली नर्स के बैग पर भी हाथ साफ कर दिया गया।

## मरीज और अंटेंडरों के साथ अक्सर होती हैं चोरी की घटनाएं

### बड़ा अस्पताल कम कैमरे

आंबेडकर अस्पताल काफी बड़ा है और यहां तीसरी मंजिल तक विभिन्न विभागों के वार्ड संचालित होते हैं, मगर सुरक्षा के लिए यहां लगाए गए खुफिया कैमरों की संख्या काफी सीमित है। अस्पताल की निगरानी के लिए करीब चालीस कैमरे काम कर रहे हैं, बीस बिगड़े पड़े हैं और इनकी कुल सौ के करीब किए जाने की योजना है जो अधूरी पड़ी है। सूत्रों के अनुसार ज्यादा सीसीटीवी कैमरे ओपीडी वाले हिस्से में लगाए गए हैं।



### ना पुलिस बल ना सुरक्षा गार्ड बढ़े

ओपीडी की गतिविधि समाप्त होने के बाद अस्पताल का बड़ा हिस्सा सूनसान हो जाता है। खासकर प्रशासनिक खंड में आवाजाही कम हो जाती है। इसके अलावा वार्ड वाले हिस्से को छोड़कर अन्य हिस्सा भी वीरान हो जाता है। इन हिस्सों में सुरक्षा गतिविधि बढ़ाने के लिए पुलिस बल के साथ सुरक्षा गार्ड की संख्या बढ़ाने की योजना थी, मगर अब तक अस्पताल पुराने गार्ड और पुलिस कर्मियों के भरोसे चल रहा है।

आंबेडकर अस्पताल में इस तरह की चोरी-चकारी की घटना नई नहीं है। अक्सर मरीजों के परिजन इस तरह की घटनाओं के शिकार होते हैं। ज्यादातर मामलों में शिकायत पुलिस तक नहीं पहुंच पाती और प्रताड़ित शख्स अपनी किस्मत को कोसकर चुप हो जाता है। इन सब घटनाओं के होने की वजह कहीं ना कहीं अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था का चौकस नहीं होना है।

करीब तीन माह पहले अस्पताल के बिगड़े सीसीटीवी कैमरों को बनवाने के निर्देश जारी हुए थे। साथ ही अस्पताल के लगभग सभी गलियारों और वार्डों को सीसीटीवी की जद में लाने की योजना थी। शुरुआती दौर में इसमें गतिविधि हुई, मगर समय के साथ मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

## खबर संक्षेप



### जन्मदिन पर दिव्यांग बच्चों को बांटे श्रवण यंत्र

रायपुर। नगर निगम के सभापति और पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने मंगलवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर न केवल समाजसेवा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया, बल्कि रायपुर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की शुरुआत भी की। अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में श्री दुबे ने दिव्यांग बच्चों के बीच श्रवण यंत्र वितरित किए। यह यंत्र बच्चों की सुनने की क्षमता में सुधार लाने के लिए दिए गए थे, जिससे उनके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में भी भाग लिया। कंबल वितरण के दौरान उन्होंने जरूरतमंदों के बीच ठंड के मौसम में राहत देने के लिए कंबल वितरित किए। साथ ही स्टेशनरी किट वितरण कार्यक्रम में बच्चों को प्रोत्साहित किया और उनके शिक्षा के प्रति समर्पण को बढ़ावा दिया।

### धान खरीदी में भाजपा सरकार ने की वादाखिलाफी

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने धान खरीदी में भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा, चुनाव के समय भाजपा ने छत्तीसगढ़ की जनता के साथ 3100 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान खरीदने का वादा किया था और सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ियों के साथ धोखा करते हुए धान की कीमत रुपए 3100 के स्थान पर प्रति क्विंटल रुपए 2300 प्रदान कर रही, जिसका परिणाम भाजपा को पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव भुगतना पड़ेगा। उन्होंने धान की कीमत का भुगतान प्रति क्विंटल रुपए 3217 रुपए में देने की मांग करते हुए कहा, 3100 रुपए भाजपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किया था, जबकि केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य रुपए 117 बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा, साय सरकार ने इस बार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित किया गया है, जो छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों के साथ अन्याय होगा।

## निधन

### बिसारू राम संघारे

रायपुर। महामाई पारा निवासी



बिसारू राम संघारे (75) का 3 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे भागा बाई के पति और नरेश, कृष्णा, कविता, अनुसुईया के पिता थे।

### शशिप्रभा टेंभुरकर

रायपुर। आम्रपाली सोसाइटी जैन



कालोनी निवासी शशिप्रभा टेंभुरकर (72) का 3 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 दिसंबर को सुबह 11 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे राकेश, प्रमेश और योगेश टेंभुरकर की माता थीं।



### उमा मिश्रा

रायपुर। ग्राम कूंरा शंकर वार्ड में भाटापारा निवासी उमा मिश्रा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम कूंरा में 4 दिसंबर को सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे समाज के वरिष्ठ सदस्य सतीश मिश्रा की पत्नी थीं।

## 35 बदमाशों का पुलिस ने सोशल मीडिया अकाउंट बंद कराया

# सोशल मीडिया में रील बनाने वाले बदमाशों की पुलिस बना रही 'रील'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोशल मीडिया में जब से रील बनाने का प्रचलन शुरू हुआ है, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हर वर्ग के लोग रील बनाकर अपने आपको प्रेजेंट कर रहे हैं। इसमें बदमाश भी पीछे नहीं हैं। बदमाश लोगों के बीच अपना दबदबा कायम रखने पिस्टल से लेकर हर तरह के हथियार के साथ रील बनाकर इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया में रील पोस्ट कर रहे हैं। एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के निर्देश पर पुलिस सोशल मीडिया में ऊल जुलूल पोस्ट करने वाले बदमाशों की पहचान कर कार्रवाई कर रही है।

- पुलिस कार्रवाई से सहमे कई बदमाशों ने अपने अकाउंट बंद किए

पुलिस के मुताबिक सोशल मीडिया के माध्यम से खौफ पैदा करने की कोशिश करने के आरोप में अब तक दो दर्जन से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। एसएसपी के अनुसार साइबर सेल की विशेष शाखा सोशल मीडिया में खुद को डॉन तथा बादशाह साबित करने वाले बदमाशों पर निगरानी रखने का काम कर रही है। बदमाशों की उनकी आईपी एड्रेस के माध्यम से पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।



### लगातार कार्रवाई

सोशल मीडिया में अपने आपको दादा बताने वाले बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बदमाशों के अकाउंट भी बंद कराए गए हैं। बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने नियमित अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

- डॉ. संतोष सिंह, एसएसपी रायपुर

### पुलिस ने 35 से ज्यादा अकाउंट ब्लाक कराए

पुलिस अफसरों के मुताबिक सोशल मीडिया में गलत तरीके से रील बनाकर पोस्ट करने वाले बदमाशों के अब तक 35 से ज्यादा अकाउंट को ब्लाक कराया गया है। इनमें कई नाबालिग बदमाश हैं, जिनका पुलिस ने सोशल मीडिया अकाउंट ब्लाक किया है।

### दो दर्जन बदमाशों ने अकाउंट बंद किया

रील बनाने वाले साथियों के हश्र देख सोशल मीडिया में एक्टिव रहने वाले बदमाश सहम गए हैं। कार्रवाई से बचने दो दर्जन से ज्यादा बदमाशों द्वारा अपने सोशल अकाउंट बंद किए जाने की जानकारी पुलिस को मिली है। जिन बदमाशों ने सोशल मीडिया में ऊल जुलूल पोस्ट किया है, ऐसे बदमाशों का पुलिस उनके नाई से स्टाइलिस्ट बाल कटवाकर अपने सोशल मीडिया में पोस्ट करने का काम कर रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से बदमाश सहमे हुए हैं।

### बदमाशों का पुलिस बना रही रील

उलजुलूल पोस्ट करने वाले अब तक जिन बदमाशों की पहचान कर कार्रवाई की गई है, उन बदमाशों को सबक सिखाने पुलिस उनकी ही रील में मिक्स रील कर उन्हें सबक सिखाने का काम कर रही है। साथ ही बदमाश की सोशल मीडिया में गलत तरह से रील बनाने पर माफी मांगने का वीडियो पुलिस अपने सोशल मीडिया अकाउंट में पोस्ट कर रही है।

# नमी के कारण चढ़ा हुआ है शहर का पारा इसलिए रात में नहीं पड़ रही ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चक्रवात के गुजर जाने के बाद भी बंगाल की खाड़ी से नमी आने का दौर समाप्त नहीं हुआ है। रात का तापमान पांच डिग्री से ज्यादा होने की वजह से राजधानी में ठंड की वापसी नहीं हुई है। दिन में बादलों की मात्रा कम होने के बाद अधिकतम पारा भी 30 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है।

- कम हुए बादल तो दिन का तापमान भी 30 डिग्री से ऊपर

पूर्व से आने वाली हवा में प्रचुर मात्रा में नमी है, जिसके कारण बस्तर संभाग के कई शहरों में बादल छाए हुए हैं और वहां बूंदाबांदी की संभावना भी बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटे में बादलों की वजह से रात के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। पारा अधिक होने की वजह से रायपुर समेत पूरे प्रदेश में रात का मौसम सामान्य स्थिति में है।

आने वाले दिनों में बादल छंटने के बाद रात के तापमान में और गिरावट होगी, जिसके बाद ठंड बढ़ने की गुंजाइश है। अगले चौबीस घंटे में उत्तरी हिस्से और दो दिन बाद शहर में रात की ठंड महसूस होगी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बदलाव दो से तीन दिन रहने की संभावना है, क्योंकि आने वाले पश्चिमी विक्षोभ की वजह से नौ दिसंबर के आसपास पुनः बादल-बारिश के आसार बन सकते हैं।



### मध्य हिस्से में कम तापमान

मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली द्वारा जारी किए गए पूर्वानुमान के अनुसार इस बार मध्य इलाके में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने की उम्मीद जताई गई है। उत्तरी इलाके में आने वाले दिनों में शीतलहर के हालात भी बनने की संभावना है। प्रदेश में ठंड का पीक सामान्यतः जनवरी के तीसरे और चौथे सप्ताह को माना जाता है।

### दस साल में 9.2 का रिकार्ड

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार रायपुर में पिछले दस साल में केवल दो बार यानी वर्ष 2014 और 2021 में न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री के नीचे उतरा था। दिसंबर के महीने में रायपुर में ठंड का अनुभव तीसरे सप्ताह के बाद अधिक होता है। यहां का सबसे कम पारा सवा सौ साल पहले 3.9 डिग्री तक उतरा था।

### न्यूनतम तापमान

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 20.5 | +5.6 |
| माना | 20.1 | +5.7 |
| बिलासपुर | 20.6 | +6.6 |
| पेंड्रा | 13.2 | +1.6 |
| अंबिकापुर | 15.6 | +6.0 |
| जगदलपुर | 21.0 | +8.4 |
| दुर्ग | 20.0 | +5.2 |

# अनुसूचित क्षेत्र की आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में अशासकीय व्यक्तियों को ओआईसी बनाना गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राजयपाल रामेन डेका को पत्र लिखकर कहा है कि माह नवंबर 2024 में अनुसूचित क्षेत्र में संचालित राज्य की अनेक आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में प्राधिकृत अधिकारी बतौर ऐसे अशासकीय व्यक्तियों को बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत किया गया है, जो अनुसूचित जनजाति वर्ग के नहीं हैं। यह छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 के प्रावधानों के विरुद्ध है।

- नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्यपाल को लिखा पत्र

नेता प्रतिपक्ष ने अपने पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 की धारा 48 की उपधारा (5) के खंड (दो) के अनुसार अनुसूचित क्षेत्र में संचालित संसाधन सोसायटी में अध्यक्ष या सभापति का निर्वाचन केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों में से किया जाएगा। अनुसूचित क्षेत्र जिला कोरिया की आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों-रामगढ़, चिरमी, तरगांव, जामपारा तथा धौराटिकरा के लिए जारी किए गए हैं। विधिक प्रावधानों की मंशा के विरुद्ध इस तरह है, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित स्थानों पर उनके वैधानिक अधिकारों की घोर उपेक्षा करके अन्य वर्ग के व्यक्तियों को नियुक्त किया जाना उचित नहीं है।

### तत्काल हटाने की मांग

उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया है कि राज्य सरकार को निर्देशित करने का कष्ट करेंगे कि अनुसूचित क्षेत्र कि आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के अशासकीय व्यक्तियों को ही बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत किया जाए और जहां भी विधि विरुद्ध अपात्र व्यक्तियों को प्राधिकृत किया गया है, वहां उनको तत्काल हटाते हुए पात्र व्यक्तियों को ही नियुक्त किया जाए।

## पेज 11 के शेष ...

### साइंस कॉलेज मैदान...

चौपाटी को ऐसी जगह पर शिफ्ट किया जा रहा, जो आउटर व सूनसान इलाका है, जहां रात में जाना लोग पसंद नहीं करेंगे।

### बहुत अच्छा है यहां...

के पास की जगह सूनसान है, वहां लोग जाना पसंद नहीं करेंगे। श्वेता वर्मा ने कहा कि यहां का माहौल बहुत अच्छा है। वे कई बार इस चौपाटी में आ चुके हैं, लेकिन अभी तक नशाखोरी जैसी कोई चीज यहां नहीं देखी है। उनका यह भी कहना है कि कॉलेज या हॉस्टल के मेस में अगर खाने की क्वालिटी सही नहीं मिलती है, तो छात्र इस चौपाटी में आकर खा सकते हैं। यहां से चौपाटी नहीं हटना चाहिए।

### दिव्यांगों पर सख्ती...

ज्यादातर दिव्यांग एक दिन पहले ही रायपुर पहुंच चुके थे, वहीं रायपुर तथा इससे लगे जिलों से दिव्यांग प्रदर्शन के दिन पहुंचे हैं। सभी दिव्यांगों को साहू भवन पहुंचने के लिए कहा गया था। यहां से सभी दिव्यांग इकट्ठा होकर मरीन ड्राइव पहुंचते, जहां से पैदल मार्च शुरू होना था। ***प्रदर्शन की अनुमति नहीं, इसलिए साहू भवन में ही बंदी बना लिए :*** दिव्यांग संघ ने प्रदर्शन करने की घोषणा तो की थी, लेकिन इसके लिए प्रशासन से अनुमति नहीं ली थी। बिना अनुमति लिए प्रदर्शन को रोकने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों से लेकर पुलिस बल सोमवार से ही साहू भवन में तैनात है। सुबह इससे पहले कि सभी दिव्यांग साहू भवन से मरीन ड्राइव के कूच करते, पुलिस बल ने उन्हें भवन के अंदर ही रोक लिया और कैद कर दिया। भवन के मुख्य गेट को बाहर से बंद कर पुलिस बल को वहां तैनात किया, ताकि प्रदर्शनकारी बाहर निकलकर विरोध प्रदर्शन नहीं कर पाएं। ***प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से ज्ञापन सौंपने के प्रस्ताव को ठुकराया:*** प्रशासन की ओर से प्रदर्शनकारियों को 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से ज्ञापन सौंपने की समझाइश दी। प्रशासन के इस प्रस्ताव को प्रदर्शनकारियों ने ठुकरा दिया और कहा कि जब तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया जाएगा, उनका आंदोलन जारी रहेगा। ***ये है उनकी मांगें :*** पेंशन 5 सौ से बढ़ाकर 5 हजार रुपए करने, दिव्यांग कोटे के बैकलॉग पदों पर विशेष भर्ती अभियान विज्ञापन जारी कर किया जाए, 21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की अविवाहित दिव्यांग महिला को महतारी वंदन योजना में शामिल करने, शासकीय पदों पर नियुक्त दिव्यांग शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नति पर 3 प्रतिशत आरक्षण देने एवं कोरोना काल के पूर्व स्वरोजगार के लिए दिव्यांगों द्वारा लिए गए निःशक्त वित्त निगम के कर्ज माफ किए जाएं।

### पत्नी की कमाई के...

गायिका हूं, काम मिलने पर मिल जाता है एक-दो सौ रुपएः दोनों पैर से दिव्यांग बेमेतरा निवासी शिवकुमारी पाल ने बताया कि वैसे तो वह बेरोजगार है, लेकिन वह गांव की गायन मंडली से जुड़ी हुई है। मंडली को जब काम मिलता है, तो उसे भी गाना गाकर एक या दो सौ रुपए मिल जाता है। उसने बताया कि महंगाई के इस जमाने में पेंशन का 5 सौ रुपए ऊंट के मुंह में जीरा है।

### जिला स्तर पर होगी...

जारी किया है। इसके अनुसार पांचवी-आठवी की बोर्ड परीक्षा पूर्णतः गोपनीय तरीके से होगी। मार्च महीने में होने वाली परीक्षा के लिए विद्यार्थियों से कोई अलग शुल्क नहीं लिया जाएगा। प्रश्न पत्र विषय विशेषज्ञ तैयार करेंगे और वितरण के बाद केंद्र अध्यक्ष उसे थाने में रखेंगे। संबंधित तिथि के अनुसार प्रश्नपत्र वहां से लाया जाएगा।

### एक दिन पूर्व खरीदी...

पार्किंग, घरों के बाहर, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर दोपहिया, चारपहिया चोरी करने वालों ने पुलिस की नाक में दम कर दिया है। तेलीबांधा तथा गंज थाना क्षेत्र में चोरी के दो ऐसे ही मामले सामने आए हैं। तेलीबांधा स्थित शगुन फार्म हाउस में आबकारी विभाग की छापे की कार्रवाई में मची अफरा-तफरी के बीच पूर्व में चोरी तथा मारपीट के आरोप में जेल जा चुका बदमाश टिकरापारा निवासी अब्दुल शहबाज तथा आकाश कुमार गुप्ता ने कार चोरी की। दोनों बदमाशों ने चार दिन पूर्व कारोबारी आशीष जैन की 54 लाख रुपए कीमत की टोयोटा कंपनी की कार चोरी की थी।

### अफरा-तफरी के बीच...

पहुंची थी। इस दौरान वहां अफरा-तफरी मच गई। इसका फायदा उठाते हुए अब्दुल और उसका साथी बैले पार्किंग की दराज में रखी कार की चाबी निकाल कर कार ले उड़े। पुलिस के अनुसार 29 नवंबर को कारोबारी ने नई कार खरीदी थी और दूसरे दिन चोर कारोबारी की कार चोरी कर ले गए।

### महिलाओं के नाम पर...

चुका देने का झांसा देकर ठगी की है। लोन लेकर दंपति ने प्रारंभिक किस्तें जमा करने के बाद लोन की शेष रकम भुगतान नहीं की। दंपति ने जिन महिलाओं के नाम से लोन लिया था, उनके पास बैंक से नोटिस आने पर उन्हें लोन की राशि अदायगी नहीं करने की जानकारी मिली। इसके बाद पीड़ित महिलाएं थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचीं।

# निजी स्कूल के अकाउंटेंट ने की छह लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुढ़ियारी थाना में एक निजी स्कूल के प्राचार्य ने अपने यहां काम करने वाले एक अकाउंटेट के खिलाफ छह लाख 17 हजार रुपए गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गबन की जानकारी पालकों को फीस के बदले कच्ची रसीद देने तथा ऑडिट रिपोर्ट से स्कूल प्रबंधन को मिली।

- स्कूल फीस की रकम बैंक में जमा करने के बजाय स्वयं अपने पास रख ली

पुलिस के मुताबिक महावीर इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य बिरेंद्र माहेश्वरी ने सविता साहू के खिलाफ गबन की शिकायत दर्ज कराई है।

स्कूल प्राचार्य ने पुलिस को बताया है कि सविता उनके स्कूल में सितंबर 2022 से जुलाई 2024 तक अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत थी। स्कूल प्राचार्य के अनुसार सविता ने इस साल मार्च से जुलाई के बीच फीस की राशि गबन की है। स्कूल प्राचार्य ने पुलिस को बताया है कि अकाउंटेंट ने छात्रों की फीस की जमा रकम को बैंक में जमा करने के बजाय अपने पास रख ली। अकाउंटेंट ने जुलाई में अपनी शादी के समय पालकों को जमा शुल्क की पक्की रसीद देने के बजाय कच्ची रसीद दी थी। आय-व्यय में भिन्नता पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन ने इसकी जांच कराई, तो अकाउंटेंट द्वारा फीस की राशि में गड़बड़ी करने की जानकारी मिली।




**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता शेख अब्दुल रियाज पिता शेख अब्दुल रहमान निवासी 52/1736, वार्ड नंबर 65, अश्वनी नगर रायपुर छत्तीसगढ़ जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्त अनुसार सत्य व सही है।
2. यह कि मुझे **HDFC LIFE INSURANCE COMPANY LIMITED** के द्वारा चेक प्रदान किया गया है जिसका **ref. No. 53429874050017** चेक दिनांक **28/11/2024** प्रदान किया गया है जिसमें मेरा नाम **ABDUL ALYAZ SHEKH** दर्ज है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड नंबर **9751 9366 7811**, एवं पैन कार्ड **CGDPR0634L** में मेरा नाम **SHEKH ABDUL RIYAJ** दर्ज है।
4. यह कि **ABDUL ALYAZ SHEKH** एवं **SHEKH ABDUL RIYAJ** दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो कि मेरे स्वयं का नाम है।
5. यह कि मैं उपरोक्त कथनों के समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं। **शपथकर्ता**

सत्यापन

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य व सही है, जिससे मैं अपने हस्ताक्षर का सत्यापित किया।

दिनांक 03.12.2024 **शपथकर्ता**



**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुमित कुमार मिश्रा पिता स्व. श्री राधेश्याम मिश्रा, पता न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) 492001 यह शपथ करता हूं कि मैंनें अपना पुराना नाम त्याग कर नया नाम **युगल गौतम पिता स्व. श्री राधेश्याम मिश्रा** रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम **युगल गौतम पिता स्व. श्री राधेश्याम मिश्रा** से ही जाना व पहचाना जावें।

**युगल गौतम**
पिता स्व. श्री राधेश्याम मिश्रा
न्यू राजेन्द्र नगर,
रायपुर (छ.ग.) 492001


# मतदाता सूची प्रकाशन के पूर्व सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण कराएं

रायपुर। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य निर्वाचन आयोग अटल नगर नवा रायपुर कार्यालय के सभा कक्ष में नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आगामी आम/उप निर्वाचन अंतर्गत निर्वाचन कार्यों की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रायपुर संभाग के संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, संभाग के सभी कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से चुनाव के सुचारू रूप से संचालन हेतु चुनाव की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केन्द्रों की स्थिति और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की गई। इस बैठक के माध्यम से चुनाव




के सुचारू और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता सूची प्रकाशन के पूर्व सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न कराने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन नामावली को सभी जिला निर्वाचन अधिकारी व्यक्तिगत रूप से स्वयं देखे, उसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होना चाहिए।


Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल रमेन डेका का किया प्रकृति परीक्षण

**रायपुर।** भारत सरकार आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के अंतर्गत सोमवार को राज्यपाल रमेन डेका का प्रकृति परीक्षण किया गया। 26 नवंबर संविधान दिवस से शुरू हुए इस अभियान के तहत राज्य के 15 लाख नागरिकों के आयुर्वेदीय सिद्धांत अनुसार प्रकृति (वात-पित्त-कफ) का परीक्षण मोबाइल एप्लिकेशन द्वारा किया जाएगा। राज्यपाल के प्रकृति परीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक आयुष डॉ. सुनील दास, प्राचार्य डॉ. जीआर चतुर्वेदी, रजिस्ट्रार एवं राज्य समन्वयक डॉ. संजय शुक्ला, रीडर डॉ. ओमप्रकाश राउत एवं डॉ. विनय भारद्वाज उपस्थित थे। एक बड़ी जनसंख्या आधुनिक जीवनशैली, अनियमित खानपान और शारीरिक श्रम में कमी के कारण मधुमेह, हृदयरोग, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसे अनेक गैर संचारी रोगों का शिकार है। युवा फास्ट-फूड और नशाखोरी के लत के कारण इन गैर संक्रामक बीमारियों के चंगुल में आ रहे हैं, जो मानव संसाधन के उत्पादकता को प्रभावित कर रहा है। प्रकृति परीक्षण के उपरांत प्राप्त होने वाले आयुर्वेदिक परामर्श, योग तथा व्यायाम से इन रोगों के बचाव और नियंत्रण में सहायता मिलेगी।

### 'आंबेडकर' की डॉ. मान्या ने दिया बैंकाक में व्याख्यान

**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल की नाक-कान-गला रोग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मान्या ठाकुर ने इंटरनेशनल ओटो राइनोलैरिंगोलॉजी साइंटेक्स



कॉन्फ्रेंस 2024 बैंकाक थाईलैंड में मॉडरेटर चेयरपर्सन के रूप में अपनी भागीदारी निभाई। यह सम्मेलन अखिल भारतीय महिला ओटो राइनोलैरिंगोलॉजी एसोसिएशन द्वारा आयोजित था। इस सम्मेलन में उनके व्याख्यान की बहुत सराहना की गई और यह जूनियर पोस्ट ग्रेजुएट्स के लिए प्रेरणादायी रहा। डॉ. मान्या ने इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए शासन से मिली अनुमति के लिए आभार व्यक्त किया है।

### पहले दिन बनाए पांच हजार से ज्यादा आयुष्मान कार्ड

**रायपुर।** जिले के प्रत्येक हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने चलाए जा रहे तीन दिवसीय महाभियान के पहले दिन 5060 लोगों के कार्ड बनाए गए। इसमें से पांच सौ आयुष्मान वय वंदना के हितग्राही थे और शेष 4060 कार्ड राशनकार्ड हितग्राहियों के थे। बुधवार और गुरुवार को भी विभिन्न स्थानों में शिविर लगाकर निशुल्क उपचार की सुविधा देने वाले राशनकार्ड बनाए जाएंगे।

# रेलवे के ट्रांसप्लांट पेड़ों को पुनर्जीवित होने में लगेगा 3 महीने का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे विकास कार्यों की जद में आ रहे पेड़ों को काटने के बजाय ट्रांसप्लांट तकनीक से रेलवे प्रशासन ने दूसरी जगह शिफ्ट कर नया जीवन देने का कार्य किया है। अभी तक 20 से अधिक पेड़ों को रेलवे स्टेशन की पीछे तरफ शिफ्ट किया जा चुका है। हरिभूमि की टीम मंगलवार को पेड़ों का जायजा लेने पहुंची। कुछ पेड़ में पत्ते मुरझाए व सूखे हुए थे, तो वहीं कई पेड़ों में नई खुली हुई डंगाल भी देखने को मिली। ट्रांसप्लांट टीम का कहना है कि तीन महीने अच्छी देखभाल से इन पेड़ों में नई जान स्थापित की जा सकती है। इसके लिए जड़ों तक पानी पहुंचना जरूरी है। अभी 15 से 20 दिनों में पेड़ों की स्थिति देखकर यह कहना मुश्किल होगा कि यह पेड़ कुछ दिनों में खत्म हो जाएगा। बता दें कि रेलवे की ओर से प्रतिदिन एक टैंकर से अधिक पानी पेड़ों को दिया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि 80 प्रतिशत ट्रांसप्लांट तकनीक से पेड़ बच जाते हैं। जड़ों के अंदर फैलने के बाद पेड़ पुनर्जीवित हो जाते हैं।

## 20 पेड़ों को हर दिन एक टैंकर से अधिक पानी की आवश्यकता

- ट्रांसप्लांट टीम ने कहा कि पेड़ों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के बाद नई जड़ों के विकसित होने में लगता है समय
- गर्मी तक विशेष देखभाल की जरूरत, पानी की कमी होने से खत्म हो जाएंगे सभी पौधे



### पानी की कमी हुई तो व्यर्थ हो जाएगी मेहनत

पेड़ों को नियमित पानी पहुंचाने के लिए व्यवस्था बनाई गई है। ट्रांसप्लांट में 80 साल के भी पौधे हैं। टीम का कहना है कि ऐसे पौधों को नई जगह में पुनर्जीवित होने से 3 महीने से भी अधिक समय लग जाता है। दो महीने के बाद गर्मी का मौसम शुरू हो जाएगा। ऐसे में नियमित पानी नहीं मिलने से पूरी मेहनत व्यर्थ हो सकती है।

### 100 से अधिक पेड़ों का लक्ष्य

रेलवे ने 100 से अधिक पेड़ों को तकनीक के जरिए ट्रांसप्लांट करने का लक्ष्य बनाया है। यह कार्य जारी है। रेलवे गुढ़ियारी की ओर रेलवे कॉलोनी में लगे 22 पेड़ों को शिफ्ट कर चुका है, जिसमें आम, नीम और पीपल समेत छायादार पेड़ शामिल हैं। जमीन को पानी से नर्म कर लगभग 7 से 15 फीट गहरा गड्ढा खोदने के बाद पेड़ों को जड़ों के साथ निकालकर फिर दूसरी जगह पर शिफ्ट किया गया। दावा है कि तीन से चार महीने यह पौधे हरे भरे हो जाएंगे।


## आवाजाही का अतिरिक्त खर्च, दूसरे राज्यों से नहीं मिल पा रहे कैडेवर डोनरों के अंग

# दो साल में केवल नौ परिवार ही अंगदान को हुए तैयार, 168 जरूरतमंद कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिमागी रूप से मृत हो चुके मरीजों के अंगों से कई लोगों को नया जीवन दिया जा सकता है। दुखी परिवार को यह समझाना बड़ा मुश्किल काम है। इसकी वजह से राज्य में पिछले दो साल में केवल नौ परिवार ब्रेनडेड सदस्यों के अंगदान करने को तैयार हुए हैं। राज्य में अभी 168 लोगों को ऐसे लोगों से मिलने वाले किडनी, लिवर सहित अन्य अंगों का इंतजार है। राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण (सोट्टो) के नेतृत्व में विभिन्न पंजीकृत अस्पतालों में लोगों को अंगदान का महत्व समझाने के लिए टीम काम कर रही है। उन्हें इस मामले में मिली सफलता जरूरत के हिसाब से बहुत कम है। राज्य में पहला अंगदान 19 नवंबर 2022 को हुआ था और नौवां कैडेवर डोनेशन की प्रक्रिया अगस्त 2024 में पूर्ण हुई है। इस मामले से जुड़े लोगों को कहना है कि लोगों में अंगों के दान की महत्ता के बजाए विभिन्न तरह की अफवाह ज्यादा हावी है, जिसकी वजह से बहुत कोशिशों के बाद ही थोड़ी सफलता मिलती है। प्रदेश में अंगों की होने वाली उपलब्धता की तुलना में डिमांड ज्यादा है। वर्तमान में सोटो के पास 168 लोगों के आवेदन हैं, जिन्हें किडनी, लिवर के साथ अन्य तरह के अंगों की जरूरत है। छत्तीसगढ़ अंग प्रत्यारोपण के मामले में मुंबई जोन से जुड़ा है, मगर अब तक दूसरे राज्यों से जरूरतमंदों को अंग की उपलब्धता नहीं हो पाई है। इसकी एक वजह अंगों को दूसरे राज्यों से सीमित समय में लाने के लिए आने वाले खर्च की व्यवस्था है। शासन की योजना में इसका प्रावधान नहीं है। राज्य में दो मरीजों से प्राप्त हुए लिवर और लंग्स को जरूर जरूरतमंद मरीज तो प्रत्यारोपित करने के लिए पुणे और नागपुर के हास्पिटल ग्रीन कॉरीडोर बनाकर भिजवाया जा चुका है।

- दो दानवीरों के लिवर और लंग्स बचा चुके नागपुर और पुणे के दो मरीजों की जान



### हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए इंतजार

*अंगदान के तहत मिलने वाली त्वचा, हार्ट के टिशू, किडनी, लिवर तथा कार्निया का उपयोग जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन देने के लिए किया जा रहा है। राज्य में हार्ट ट्रांसप्लांट की सुविधा प्रारंभ की जानी है, इसके लिए आंबेडकर अस्पताल में दो आधुनिक तरीके के ऑपरेशन थियेटर बनाने का काम पूरा किया जा रहा है। डीके अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण की योजना अभी अधूरी है।*

### सत्रह अस्पताल पंजीकृत

*अंग प्रत्यारोपण के लिए राजधानी में मौजूद एम्स सहित 17 अस्पताल पंजीकृत हैं। एम्स के अलावा तीन और अस्पतालों द्वारा इस प्रक्रिया को पूरा किया जा चुका है। शेष अस्पतालों में अभी इस तरह की स्थिति नहीं बनी है। राज्य में हार्ट से संबंधित टिशू रखने के लिए सत्यसाई संजीवनी हास्पिटल तथा मृत देह से प्राप्त होने वाली त्वचा को सुरक्षित रखने के लिए डीके अस्पताल में स्किन बैंक बनाया गया है।*

### कितने आवेदन

- 147 लोगों ने किसी तरह का विकल्प नहीं होने पर किडनी के लिए आवेदन किया है।
- 20 मरीज गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और उनके पास ट्रांसप्लांट के अलावा दूसरा विकल्प नहीं है।
- 01 अन्य मरीज को हृदय से संबंधित ऊपरी अंग की आवश्यकता है, सोटो के पास उसका आवेदन लंबित है।

### क्या मिला अब तक

- 14 परिवारों ने बड़ा निर्णय लेते हुए छोड़कर जाने वाले लोगों की त्वचा दान में दी।
- 14 लोगों से मिला कार्निया दूसरों के जीवन में रोशनी बढ़ाने का कारण बना।
- 05 को हृदय वाल्व और 1 को लिवर प्राप्त हुआ।

# पोटाश बम से घायल हाथी शावक के स्वास्थ्य में सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



एक माह पूर्व धमतरी तथा उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के पास शिकारियों द्वारा वन्यजीवों का शिकार करने बिछाए गए पोटाश बम से गंभीर रूप से घायल हाथी शावक का वन विभाग के अफसर अपनी निगरानी में उपचार अपने परिवार बच्चे की तरह करा रहे हैं। सीसीएफ वाइल्ड लाइफ सतोविशा समाजदार के मुताबिक, हाथी शावक की उम्र चार साल के करीब है। पोटाश बम से शावक का जबड़े में चोट लगी है। इस वजह से शावक को चारा चरने और झुंड में होने से शावक के उपचार करने में परेशानी हो रही थी। शावक के झुंड से अलग होने के बाद ट्रैंक्यूलाइज कर रिसगांव के पास लाकर उपचार शुरू किया गया है। अफसर के अनुसार, नियमित उपचार होने से शावक की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है।

- वन अफसरों की निगरानी में हाथी शावक का हो रहा उपचार

### चारे में पालक के साथ दे रहे हरी घास

अफसर के अनुसार, शावक को चारे के रूप में नरम पत्ती वाली हरी सब्जियां दी जा रही हैं। हाथी शावक को पूर्व में भोजन के रूप में लिक्विड दिया जा रहा था। स्वास्थ्य में जैसे-जैसे सुधार हो रहा है, शावक को हरा चारा के साथ पालक दी जा रही है। अफसरों को हाथी शावक के जल्द ही स्वस्थ होने की उम्मीद है। हाथी शावक का उपचार अफसरों की देखरेख में किया जा रहा है।

### सफारी लाकर उपचार करना अंतिम विकल्प

*सीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने हाथी शावक को जंगल सफारी लाकर उपचार करने की बात से इंकार करते हुए कहा कि किसी भी वन्यजीव का उपचार उनके प्राकृतिक रहवास में कराना ज्यादा उचित होता है। शावक की स्थिति को देखते हुए वन अफसर ने शावक का जंगल सफारी में लाकर उपचार कराने की बात से फिलहाल इंकार किया है। अफसर के अनुसार, एनिमल पूरी तरह से अशक्त हो जाए, खड़े होने की स्थिति में न रहे। ऐसी स्थिति में ही उसे जंगल सफारी लाकर उपचार कराया जा सकता है।*

*सैनिक कल्याण बोर्ड छग के राज्य प्रबंधन समिति की बैठक*

# सैनिकों के कल्याण के लिए मानवीय संवेदना से कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में मंगलवार राजभवन में सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के राज्य प्रबंधन समिति की 16वीं बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं, व उनके आश्रितों के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई एवं भूतपूर्व सैनिकों के हितों में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। राज्यपाल ने कहा कि भारत माता की सेवा में अपना जीवन गुजारने वाले वीर सपूतों का कल्याण करना सबका दायित्व और कर्तव्य है। इसमे मानवीय संवेदना के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। इस दिशा में हम सभी को विशेष ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल श्री डेका ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 'सशस्त्र सेना झंडा' दिवस निधि के लिए संग्रह बढ़ाने के लिए राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड एवं गृह विभाग के प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि संग्रह बढ़ाने के लिए सभी तरीकों पर ध्यान देना चाहिए। सरकार की सहायता पर ही निर्भर ना रहते हुए समुदाय को भी इसके लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए और अधिक योजनाएं शुरू की जा सकें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आज की बैठक में लिये गये सभी निर्णयों से छत्तीसगढ़ में भूतपूर्ण सैनिक उनके लाभान्वित होंगे। श्री डेका ने राज्य के दूरदराज के इलाकों में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ की सैनिक कल्याण टीम द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि समर्पण के साथ देश की सेवा करने वाले हमारे बहादुर पूर्व सैनिकों की अच्छी तरह से देखभाल की जाए।

### डाक्टर की पिटाई जबरिया प्रकरण वापसी की शिकायत

**रायपुर।** चार साल पहले कबीरधाम जिले में चिकित्सक से की गई मारपीट का मामला जबरिया वापस कराए जाने की शिकायत मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं अन्य अधिकारी से की गई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता सहित अन्य लोगों द्वारा दर्ज कराई गई आपत्ति में इसके बारे में बताया गया है। डॉ. गुप्ता ने भेजे गए पत्र में बताया है कि विशेष सत्र न्यायाधीश कबीरधाम के सक्षम न्यायालय में दर्ज प्रकरण धारा 294, 323, 506 बी 34 एट्रोसिटी एक्ट 3(1) 10 एवं छत्तीसगढ़ चिकित्सा सेवक तथा चिकित्सा सेवा अधिनियम 2010 धारा 4-5 प्रकरण को वापस लिए जाने की अनुशंसा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रारंभ की गई है। संबंधित चिकित्सक डॉ. सूर्यकांत भारती ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर को सूचित किया है कि यह उनकी इच्छा के विरुद्ध प्रकरण वापसी का उपक्रम किया जा रहा है।

# तालाब में डूब रहे हाथी शावक को ग्रामीणों ने ऑपरेशन गजराज चलाकर बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायगढ़ तथा धरमजयगढ़ वनमंडल में इन दिनों 99 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों के करंट की चपेट में आकर मरने से लेकर हाथियों के एक बड़े झुंड के एक साथ उपस्थित होने की खबरें आ रही हैं। ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है, जिसमें ग्रामीण गड्ढेनुमा तालाब में फंसे हाथी शावक को जान जोखिम में डालकर पानी से बाहर निकालते दिख रहे हैं। ग्रामीणों ने शावक को बचाने चलाए गए इस ऑपरेशन का नाम ऑपरेशन गजराज दिया था। ग्रामीण हाथी को बचाने जब पहुंचे, तब मौके पर वन विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर उपस्थित नहीं था। गौरतलब है कि रायगढ़ तथा धरमजयगढ़ वनमंडल में जो 99 हाथियों का दल विचरण कर रहा है, उनमें 49 मादा, 27 नर तथा 23 शावक हैं। इनमें 41 हाथियों का दल लैलूंगा रेंज में विचरण कर रहा है। हाथी शावक को बचाने का जो वीडियो सामने आया है, वह लैलूंगा रेंज के चिल्कागुड़ा के एक खेत में बने गड्ढेनुमा तालाब का है। बताया जा रहा है, 41 हाथियों का दल गड्ढेनुमा तालाब में नहाने के लिए उतरा था। इस दौरान एक शावक काफी प्रयास के बाद भी गड्ढे से बाहर नहीं निकल पाया। इसकी जानकारी ग्रामीणों को मिली। उसके बाद ग्रामीणों ने शावक को बचाने ऑपरेशन शुरू किया।

- हाथी दल के आसपास मौजूदगी के बाद भी ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर शावक को गड्ढे से बाहर निकाला

### एक घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला

*हाथी शावक को बचाने मौके पर जब ग्रामीण पहुंचे, इस दौरान घरघोड़ा तथा लैलूंगा रेंज के एसडीओ के पहुंचने की बात सामने आई है। हाथी शावक को बचाने के लिए जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे, उस समय पूरा इलाका शावक के बिछड़ने की गम में चिंघाड़ रहा था। ग्रामीणों ने हाथियों के चिंघाड़ की परवाह किए बगैर मौके पर फावड़ा तथा अन्य औजार लेकर गड्ढेनुमा तालाब के पार को काटने का काम किया। एक घंटे की मशक्कत के बाद हाथी शावक गड्ढे से बाहर निकला और अपने दल में शामिल हुआ। शावक के दल में शामिल होने के कुछ देर बाद झुंड मौके से चला गया।*

### मल्टीलेवल मार्केटिंग कंपनी के लीडर पर ठगी का केस

**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक मल्टीलेवल मार्केटिंग कंपनी के सीनियर लीडर के खिलाफ ठगी का अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, खुशबू जैन की शिकायत पर मोहित जैन के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया गया है। खुशबू ने पुलिस को बताया कि वह मोहित के कहने पर मार्केटिंग कंपनी में वर्ष 2022 अप्रैल माह से रकम निवेश कर रही थी। बदले में मोहित, खुशबू को हर माह रिटर्न दे रहा था। नवंबर 2022 के बाद रिटर्न आना बंद होने के बाद खुशबू ने मोहित से अपने मूल धन वापस देने की मांग की तो मोहित पैसे देने के नाम पर टालमटोल करने लगा।

## बिजनेस साइट

# कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स ने मनाया जनप्रगति एजूकेशन सोसाइटी का 21वां स्थापना दिवस

**रायपुर।** कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने 21 वर्षों की अद्वितीय उपलब्धियों और गौरवशाली यात्रा के प्रतीक के रूप में जनप्रगति एजूकेशन सोसाइटी (जेपीईएस) का 21वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर संस्थान ने नई प्रेरणा लेकर भविष्य के लिए नए लक्ष्य तय करने की दिशा में कदम बढ़ाए। इस मौके पर संस्थान के संस्थापक सदस्य किशोर जादवानी, जेपीईएस के अध्यक्ष हरजीत सिंह हूरा, जेपीईएस के सचिव रविंद्र सिंह हूरा और विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों ने समारोह का उद्घाटन किया। कोलंबिया कॉलेज ऑफ नर्सिंग की उपप्राचार्य अनामिका सिंह ने संस्थान की प्रगति और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। किशोर जादवानी ने सभी प्राचार्यों और स्टाफ सदस्यों के निरंतर प्रयासों की सराहना की। वहीं हरजीत सिंह हूरा ने जेपीईएस की प्रारंभिक यात्रा के समक्ष चुनौतियों और प्राप्त उपलब्धियों के बारे में चर्चा की। रविंद्र सिंह हूरा ने समूह की चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार साझा किए।




# संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल में भारत की दूसरी रोबोटिक ब्रेस्ट कैंसर सर्जरी और लैटिसिमस डॉर्सी पुनर्निर्माण

**रायपुर।** संजीवनी सीबीसीसी कैंसर अस्पताल ने हाल ही में भारत में दूसरी बार रोबोटिक ब्रेस्ट कैंसर सर्जरी और लैटिसिमस डॉर्सी पुनर्निर्माण किया। यह जटिल प्रक्रिया डॉ. दिवाकर पांडे, सीनियर सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और उनकी टीम द्वारा की गई। इस सर्जरी का अद्वितीय पहलू यह था कि यह पूरी तरह से रोबोटिक तकनीक का इस्तेमाल कर की गई थी, जिससे सर्जरी में अधिक सटीकता और न्यूनतम जटिलताएं आईं। मरीज एक 29 वर्षीय महिला थीं, जिनमें ब्रेस्ट कैंसर का पता चला था और साथ ही बीसीआरए1 और 2 के कारण कैंसर का खतरा और भी बढ़ गया था। फैमिली हिस्ट्री के कारण उनके मामले में जोखिम काफी ज्यादा था। डॉ. पांडे और उनकी टीम ने इन जोखिमों को कम करने के लिए रोबोटिक तकनीक को अपनाया।



## कबीरधाम कलेक्टर ने संचालकों पर मामला दर्ज करने का दिया नोटिस

# धान खरीदी केंद्रों में बारदाना देने पीडीएस दुकान संचालकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी को लेकर खरीदी केंद्रों में बारदाना का संकट गहरा गया है। बारदाने की कमी पूरा करने खाद्य विभाग ने सभी राशन दुकान संचालकों को बारदाना जमा करने कहा है। वहीं जिला कबीरधाम में कलेक्टर ने 100 प्रतिशत बारदाना खरीदी केंद्रों में भिजवाने का नोटिस जारी किया है। कबीरधाम जिले में ऐसा न करने पर राशन दुकान निलंबित करने, संचालकों पर जुर्माना लगाने के साथ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किए जाने का उल्लेख नोटिस में किया गया है। पीडीएस दुकान संचालकों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2020 से 2023 तक के बारदाना की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। मामले में अक्टूबर में आंदोलन किया था, तब इसका भुगतान किए जाने का आश्वासन दिया गया था। कई जिलों में इसका भुगतान किया गया, पर केवल 80 प्रतिशत भुगतान किया गया है। संचालकों ने कबीरधाम जिला कलेक्टर द्वारा जारी आदेश का विरोध किया है। आदेश के बाद अब जिले के पीएडीएस दुकान के संचालकों ने सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है। पूरे मामले में संचालकों से चर्चा की जा रही है।

### 6 करोड़ का भुगतान शेष

संचालकों ने बताया कि कबीरधाम जिले में राशन दुकान संचालकों द्वारा पिछले चार साल के दौरान धान खरीदी के लिए दिए गए बारदाने के एवज में करीब 6 करोड़ का भुगतान शेष है। बताया जाता है कि मार्कफेड द्वारा राशि जारी किए जाने के बाद भी दुकान संचालकों को भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन के नोटिस का विरोध करते हुए सामूहिक इस्तीफा भी दे दिया है।



### खाद्य विभाग ने दिया था आश्वासन

*खाद्य विभाग ने राशन दुकान संचालको के द्वारा प्रदेश व्यापी बंद के अव्हान के उनके मामले में कई बिंदुओं पर आश्वासन दिया था। इसके तहत सभी लंबित भुगतान किए जाने के साथ अन्य तकनीकी दिक्कतों को ठीक करने का आश्वासन दिया गया था। इन मांगों में से कई मांगे पूरी की गई पर भुगतान आधा अधूरा किया गया। कबीरधाम जिले में संचालकों को एक भी भुगतान नहीं किए जाने से उनमें आक्रोश है।*

### धान बेचने के एक सप्ताह बाद भुगतान नहीं

*इधर धान बेचने वाले किसानों को धान बेचने के 48 घंटे के अंदर भुगतान किए जाने के का दावा भाजपा सरकार कर रही है, लेकिन बलौदाबाजार जिले के एक किसान संजय कुमार पिता बांके बिहारी अग्रवाल द्वारा टोकन क्रमांक टीके 52001601242500115 के माध्यम से 28 नवंबर को 108 क्विंटल धान बेचा गया था। धान की कुल कीमत 2 लाख 48 हजार 400 रुपए का भुगतान आज दिनांक तक नहीं हो पाया है। मामले में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, भाजपा सरकार किसानों से झूठा दावा कर रही है। किसानों को सही समय पर धान की राशि जारी नहीं की जा रही है।*

हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 4 दिसंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



छत्तीसगढ़ी रस्म के साथ होगा राम...

## लाइव इवेंट

# एड्स दिवस पर जागरूकता की पहल, अरेबिक थीम पर मेहंदी भी




**रायपुर।** एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति शहरवासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां छात्रों ने एकजुट होकर प्रतीकात्मक चित्र तैयार किया। एड्स दिवस के अवसर पर श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय, रेड रिबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एचआईवी और एड्स का चिन्ह प्रत्यक्ष रूप से बनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता घई, एनएसएस अधिकारी दुर्गा चंद्राकर मुख्य रूप से शामिल रहीं।

### आशी और मुस्कान बनीं प्रथम विजेता

कलाप्रेमियों के कार्य को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें बीए, बीकॉम, बीएससी एवं बीसीए संकाय की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



ब्राइड और ग्रूम के लिए अरेबिक थीम पर मेहंदी तैयार की गई, जिसमें प्रथम मुस्कान पटेल, द्वितीय नेमत जहां कुरैशी, तृतीय स्थान अपर्णा देशमुख और सानिया यादव को मिला। दुल्हन मेहंदी में प्रथम पुरस्कार आशी साहू, द्वितीय आफरीन परवीन और सोनम खरे को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ. पूनम आहूजा, कुनिका शर्मा, नीलू शुक्ला रहीं।

## सिटी इवेंट

# राजभवन में मना असम और नागालैंड राज्य का स्थापना दिवस



**रायपुर।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका शामिल हुए। असम और नागालैण्ड राज्यों के स्थापना दिवस के अवसर पर शहर स्थित राजभवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां शबरी कल्याण आश्रम की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान छात्राएं राज्य की पारंपरिक परिधान में नजर आईं। लोकनृत्य के दौरान असम और नागालैण्ड के पारंपरिक गीत एवं आभूषण का चयन किया गया। वनवासी कल्याण परिसर द्वारा संचालित शबरी कल्याण आश्रम में पूर्वोत्तर राज्य असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा के लगभग 40 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांत संगठन मंत्री रामनाथ कश्यप भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को असम राज्य के प्रतिनिधि के रूप में सचिव सोनमणि बोरा, नागालैंड की प्रतिनिधि संगमाई, पूर्व लोकसभा सांसद नत्थूभाई पटेल, राज्यपाल के सचिव यशंवत कुमार, महानगर वनवासी कल्याण आश्रम से संगीता चौबे व अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### प्रदेश का वातावरण चाय उत्पादन के लिए अनुकूल

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि हमारा देश विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं का संगम है। विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक-दूसरे का स्थापना दिवस मना रहे हैं। इसी कड़ी में राजभवन में असम एवं नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर राज्यों के लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल श्री डेका ने दोनों राज्य की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा, असम और छत्तीसगढ़ की संस्कृति तथा अर्थवयवस्था मिलती-जुलती है। असम की चाय की स्फूर्तिदायक खुशबू पूरी दुनिया में फैली हुई है। छत्तीसगढ़ का प्राकृतिक वातावरण भी चाय उत्पादन के लिए अनुकूल है। इस दिशा में बहुत जल्द प्रयास किया जाएगा, जिससे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल सके। नागालैंड को जीवंत रंगों और बहादुरी की विशेषताओं वाला राज्य कहा जाता है, जिसने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में रानी गैडिनल्यू सहित असंख्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपना योगदान दिया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिंद फौज भी नागालैण्ड से पहुंची थी।

## नौसेना भर्ती में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को मिल रही सफलता, 12वीं से पहले ही शुरू कर रहे तैयारी

# हर साल नौसेना में छग के 200 से अधिक युवाओं की भर्ती इनमें बस्तर से 40%, 5 साल में लड़कियों का भी बढ़ा रुझान

**भारतीय वायुसेना में शामिल होकर देश की सेवा करने वालों में छत्तीसगढ़ के युवा पीछे नहीं हैं। हर साल प्रदेश से भर्ती की संख्या बढ़ती जा रही है। आर्मी के बाद ज्यादातर युवावर्ग अब नौसेना में जाने की तैयारी कर रहे हैं। सेना में भर्ती के लिए शहर के विभिन्न एकेडमी हैं, जो फिजिकल टेस्ट के लिए युवाओं को तैयार कर रही हैं। हरिभूमि से बातचीत में नौसेना भर्ती के विशेषज्ञों ने बताया कि बीते पांच सालों में युवाओं का रुझान सेना की ओर काफी बढ़ा है।**

### किताब और इंटरनेट की सहायता से तैयारी

कांकेर प्रज्जवल निषाद और कामता का इसी वर्ष नेवी में चयन हुआ है। दोनों आईएनएस चिल्का में ट्रेनिंग ले रहे हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया, पहले हमें नेवी की जानकारी ही नहीं थी और एयरफोर्स की तैयारी करने की सोच रहे थे। यहां एयर यूनिट से जुड़कर मालूम हुआ की नौसेना के जरिए भी देशसेवा कर सकते हैं। इसके बाद से मेहनत शुरू कर दी। दोनों का कहना है, यह सपना हमने साथ में देखा था और पढ़ाई के लेकर दूसरी गतिविधियों में भी साथ में ही काम करते थे। यही वजह रही कि हम सफल हो सके। दोनों अपने परिवार के पहले सदस्य हैं, जो नौसेना में गए हैं। प्रज्जवल ने बताया, उनके पिता राजेश किसान हैं और माता गृहिणी हैं। पिता ने आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और माताजी ने सुबह उठाकर खूब मेहनत कराई। पीयूष के पिता भी किसान हैं। उनका कहना है, पिता ने जीवन में अपना क्षेत्र चुनने की पूरी स्वतंत्रता दी थी। जब मैंने नौसेना में जाने के लिए सोचा तो उन्होंने मेरा सभी तरह से साथ दिया। दोनों पहली कक्षा से साथ में हैं। एग्जाम क्लीयर करने के लिए कोई कोचिंग नहीं ली। किताब और इंटरनेट की सहायता से तैयारी की।

**रायपुर।** एकेडमी के डॉ. संतोष शर्मा ने बताया कि बीते तीन सालों में बस्तर संभाग से सर्वाधिक 40 फीसदी युवा नौसेना में गए हैं। इसमें दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर के युवा ही अधिक हैं। राजधानी के युवाओं की औसतन भर्ती 5 से 10 फीसदी के बीच है। बिलासपुर और रायगढ़ से बीते कुछ सालों में युवा नौसेना में जाने सफल हुए हैं। पांच सालों में ग्रामीण क्षेत्रों से ही युवाओं की भर्ती अधिक हुई है।

### हर साल 20 फीसदी बढ़ रहीं भर्तियां




युवाओं में सेना और देशप्रेम की भावना बढ़ी है। यही वजह है कि अब छत्तीसगढ़ आर्मी की तरह नौसेना में शामिल होने के लिए युवाओं का रुझान बढ़ता जा रहा है। नेवी एकेडमी के कैलाश अग्रवाल ने बताया कि 2019 में भारतीय नौसेना के लिए भर्ती रैली में छत्तीसगढ़ से 173 युवाओं को शारीरिक और मेडिकल परीक्षण में पात्र पाया गया था और 100 से अधिक लोग शामिल हुए थे। 2020-22 में यह संख्या 150 से अधिक तक पहुंच गई। वर्तमान में छत्तीसगढ़ से औसतन 200 लोग नौसेना के विभिन्न पदों पर जा रहे हैं। उनका कहना है कि भर्ती होने वाले युवाओं में 80 प्रतिशत युवक हैं तो वहीं 30 प्रतिशत लड़कियां हैं। पांच साल पहले लड़कियों की संख्या कम थी, लेकिन अब बढ़ रही है।



### नेवी में जाना पहला और अंतिम लक्ष्य था

जब किसी चीज को प्राप्त करने समर्पित होकर कार्य करते हैं तो वह हमें जरूर मिलती है, यह कहना है बसंत मिरी का। जिन्होंने शहर से अपनी पढ़ाई पूरी की है। वर्तमान में कोचीन में नौसेना में मरीन कमांडो हैं। बातचीत के दौरान बसंत ने बताया, वे मूलतः बसना क्षेत्र से आते हैं। पिता विनोद मिरी खेती-किसानी करते हैं। बचपन में एक फिल्म के जरिये नौसेना के बारे में जाना था और उसी समय ठान लिया था, भविष्य में नौसेना में ही जाना है। ग्रामीण क्षेत्र से होने से लोगों को भी नौसेना में किस तरह पहुंचा जाए, इसकी जानकारी ही नहीं थी। पेपर के जरिए पता चला। उस दिन से पढ़ाई से ज्यादा एग्जाम की तैयारी के लिए जानकारी एकत्र करता था। शहर आकर एकेडमी ज्वाइन की। बंसी का कहना है, नेवी ये जुड़ना मेरे जीवन का सबसे पहला और अंतिम लक्ष्य था। इसके लिए समर्पित होकर मेहनत की। इस फिल्ड में आकर खुद को बेहतर बना पाया हूं।



### 12वीं के बाद इंडियन नेवी के लिए खुल जाते हैं रास्ते

इंडियन नेवी में 12वीं के बाद ही इस सेवा को ज्वाइन करने का अवसर मिल जाता है। इंडियन नेवी के तहत ऑफिसर लेवल और सेलर लेवल पर रिक्रूटमेंट होता है। एनडीए के माध्यम से ज्वाइन करने पर ऑफिसर के तौर पर पोस्टिंग होती है। एनडीए के अलावा आर्टिफिशियल अप्रेंटिस (एए) और सीनियर सेकेंडरी रिक्रूट, एसएसआर की केटेगरी में भी इंडियन नेवी का हिस्सा बन सकते हैं। 12वीं में मैथ्स, फिजिक्स और केमेस्ट्री विषय वाले पुरुष कैंडिडेट इसके लिए अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए 12वीं में कम से कम 70 प्रतिशत मार्क्स होने अनिवार्य हैं। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवरों को एसएसबी द्वारा इंटरव्यू के लिए कॉल किया जाता है। इसके लिए उम्र सीमा 16.5 से 19 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### गांव से निकलकर पहुंचे नौसेना में

शहर से डिफेंस की तैयारी कर नारायणपुर के हेमंत ध्रुव कोचीन में नौसेना पर अपनी सेवा दे रहे हैं। उनका कहना है कि गांव में सभी लोगों को आर्मी की जानकारी रहती थी, पर नौसेना की नहीं। जिनको थोड़ा-बहुत पता था, वे कहते है, इस काम में 6 माह पानी में रहना पड़ता है और 6 माह तक सूर्य देखने को नहीं मिलता। नौसेना में जाने के लिए एग्जाम की तैयारी करने शहर आया। उस समय मेरे पास एकेडमी को देने के लिए उतने पैसे नही थे।

## रोटरी क्लब ऑफ क्वीन का आयोजन

# दिव्यांग बच्चों के चेहरे पर मुस्कान, हाय रे सरगुजा नाचे... गाने पर थिरके नन्हे कदम

**रायपुर।** अलथी कलथी मांदर बाजे, हाय रे सरगुजा नाचे...महुआ झरे रे महुआ झरे...गीत पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मंगलवार 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ क्वीन द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर स्थित अर्पण दिव्यांग विद्यालय में विशेष खेल, नृत्य एवं मनोरंजन से भरपूर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व महापौर प्रमोद दुबे रहे।



### नीबू-चम्मच दौड़ स्पर्धा

क्लब की अध्यक्ष धृति दवे ने बताया, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों में जागरूकता लाना है। समाज में सभी व्यक्ति अपने अधिकारों के साथ जीवनयापन करता है, उनमें से एक दिव्यांग बच्चे भी हैं, जिन्हें पूर्ण अधिकार एवं सामान्यजन की तरह रहने का अधिकार दिया गया है। मुख्य रूप से यह आयोजन लोगों में दिव्यांगजनों के प्रति जागरूकता लाने के लिए आयोजित किया गया है। दिव्यांग दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब की सदस्यों ने विद्यालय में बच्चों संग समय बिताया। साथ ही नीबू-चम्मच दौड़, डांस एवं अन्य गतिविधियों में हिस्सा भी लिया। इस मौके पर सचिव मनप्रीत कौर ने संबोधन में कहा, कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र विभिन्न प्रतियोगिताएं रहीं, जिसमें क्लब के सदस्यों ने बच्चों संग खेल में हिस्सा लिया। खेल न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। आयोजन के अंत में क्लब द्वारा स्टेशनरी एवं भोजन के पैकेट उपहार स्वरूप दिया गया।

### विजेताओं को दिए पुरस्कार

समाज में लोगों को एक सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। जहां विद्यालय के 300 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को मेडल से सम्मानित किया गया। छात्र दौड़ के लिए कतार में शामिल होकर संयम के साथ आगे बढ़ते रहे। इस अवसर पर सभी के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली, जिन्हें जीत की चाह न होकर केवल खेल में शामिल होने की अधिक खुशी थी।



# नाट्य मंचन के लिए कलाकारों का होगा चयन

**रायपुर।** संस्कार भारती इकाई की नाट्य विधा टोली की बैठक संत श्री गजानन मन्दिर हुडको में संपन्न हुई। इस बैठक में अपने जिले में नाट्य विधा की गतिविधियों को आगे बढ़ाने और इससे जुड़े आवश्यक सभी बातों पर संस्कार भारती के सभी पदाधिकारियों के बीच सार्थक चर्चा हुई। चर्चा के दौरान सभी पदाधिकारियों द्वारा कलाकार निशु पाण्डेय को नाट्य मंचन के लिए कलाकारों के चयन व नाट्य निर्देशन की जिम्मेदारी दी गई। इस आयोजन में नाट्यविधा से जुड़े सभी पदाधिकारियों ने मिलकर कार्य करने के लिए सहमति दी। हेमंत सगदेव ने जानकारी देते हुये बताया की जल्द ही नाटक का चुनाव व नाटक के मंचन की तैयारी आरंभ कर दी जाएगी। अंत में कल्याण मंत्र के उच्चारण से बैठक का समापन हुआ। बैठक में अजय डांगे, वरदा जोशी, हेमंत जगम, निशु पांडे, हेमंत सगदेव उपस्थित प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

## पशु विशेषज्ञों ने कहा- पेट्स में बढ़ रही सर्दी-जुकाम और बुखार की समस्या

# पेट्स को ठंड से बचाने इंसानों की तरह पहना रहे हुडी और स्वेटर, बॉडी गर्म रखने दिनभर शूज का इस्तेमाल

कार्नर न्यूज

**सर्दी का सीजन शुरू होते ही बाजार में पेट्स के लिए नई एसेसरीज और क्लाथ बाजार में आ गए हैं। पेट्स के लिए गर्म कपड़ों के तौर पर जहां हुडी, जैकेट, स्वेटर और बैंडस उपलब्ध हैं। वहीं अब इनके लिए बाजार में शूज भी आ गए हैं। इससे पेट्स ठंड के अलावा पार्क, सड़क सहित घर के बाहर की सतह पर पाए जाने वाले वायरस से भी बच रहे हैं और बीमारियों से दूर हो रहे हैं।**

**रायपुर।** पशु चिकित्सक का कहना है कि आजकल ज्यादातर घरों में फर्श पर टाइल्स का उपयोग किया जाता है। सर्दी के मौसम में ये टाइल्स कुछ ज्यादा ही ठंडी हो जाती हैं। इंसान तो स्लीपर्स या शूज पहनकर ठंड से बचाव कर लेते हैं, लेकिन पालतू जानवर अधिकतर टाइल्स के संपर्क में ही रहते हैं। इससे उन्हें सर्दी-जुकाम से लेकर बुखार आने की समस्या हो सकती है। इसके चलते पेट्स को भी गर्म रखने की जरूरत होती है।



### जैकेट और स्वेटर करते हैं बचाव

*पेट्स प्रेमी का कहना है कि बरसात और ठंड सभी प्रकार के पेट्स के लिए संवेदनशील मौसम होता है। जरा-सी गलती व लापरवाही होने पर ये बीमार पड़ जाते हैं। साथ ही सर्दी-जुकाम और बुखार की चपेट में आने की आशंका कुछ ज्यादा ही रहती है। इसी वजह से ठंड की शुरुआत में ही अपने पेट्स को हुडी, स्वेटर पहनाने लगी हूं। वहीं पता चला है कि अब अच्छी क्वालिटी के शूज भी इनके लिए आ रहे हैं, जिन्हें अब से अपने पेट्स को पहनाऊंगी। ठंड के दिनों में पेट्स को एक और बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है। इनके बाल भी रूखे व बेजान हो जाते हैं। इस मौसम में सप्ताह एक बार इन्हें नहलाया जाता है। नतीजतन इनके बालों व स्किन में धूल, मिट्टी जम जाती है। ऐसे में इन्हें बचाने के लिए शैम्पू का उपयोग किया जाता है।*

### शूज पहनाने से नहीं लगती ठंड

सर्दी के मौसम में पेट्स के पंजे ड्राय हो जाते हैं। सड़क या पार्क में चलने पर इनमें गंदगी भरने की आशंका रहती है। शूज पहनने से ये दिक्कत नहीं होती। पेट्स के पैर भी ठंड से बचे रहते हैं। इससे सर्दी-जुकाम और बुखार की आशंका भी बहुत कम हो जाती है। जर्म्स सहित जमीन पर रेंगने वाले कीड़ों से बचाव हो जाता है।





## एजूकेशन अपडेट

# परिवहन उपनिरीक्षक पद के लिए 17 को साक्षात्कार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परिवहन विभाग में परिवहन उपनिरीक्षक (तकनीकी) पदों पर भर्ती परीक्षा के लिए साक्षात्कार 17 दिसंबर 2024 को होगा। परीक्षा नियंत्रक लोक सेवा आयोग के अनुसार, परिवहन उपनिरीक्षक के कुल 15 पदों पर भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम 3 अक्टूबर को घोषित कर दिया गया है। लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर वर्गवार और उपवर्गवार 45 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चिन्हांकित किया गया है। साक्षात्कार दो पालियों में होगी, जिसमें प्रथम पाली सुबह 10 बजे एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार से एक दिन पूर्व 16 दिसंबर 2024 को चिन्हांकित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन भी दो पालियों में किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन के लिए अभ्यर्थियों को सुबह 9:30 बजे (प्रथम पाली) और दोपहर 1:30 बजे (द्वितीय पाली) आयोग कार्यालय में रिपोर्ट करना होगा। सत्यापन प्रक्रिया में अनुपस्थित रहने वाले या अर्हता पूरी न करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**3 अक्टूबर को घोषित किए थे परिणाम**

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निःशक्तजन प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), पहचान पत्र और अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र मूल प्रति और स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ प्रस्तुत करना होगा। सभी प्रमाण पत्रों का जारी तिथि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तक सुनिश्चित होना चाहिए। अंतिम तिथि के बाद जारी प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे। दस्तावेजों की कमी की स्थिति में अभ्यर्थी की उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी।

## समाज लाइव

# जन्मदिन के पैसे से खरीदे 300 कंबल, अस्पताल को किया दान



**रायपुर।** शहर में ऐसी कई संस्थाएं और युवाओं के ग्रुप हैं, जो हर साल की तरह इस बार भी अपनों और अपने जन्मदिन पर खर्च होने वाले पैसों को जमा करके सरकारी अस्पतालों में इलाज के आने वाले गरीब वर्ग के लोगों को ठंड से बचाने के लिए कंबल देते हैं। इस कड़ी में इनर व्हील क्लब,ऑल इंडिया लीनेस क्लब, साथी ग्रुप ,कृति फाइन आर्ट्स इंस्टीट्यूट के आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी गोविंद गांधी ने पिता की स्मृति में वहीं मान्या मुंजवानी, लवीश मुंजवानी ने जन्मदिन के पैसे से कंबल जुटाने में सहयोग दिया।माला महावर, प्रिया पंजवानी ने मानव सेवार्थ डॉ राकेश सोनी, सरिता दोषी, डॉ रचना पदमवार, महक पींजानी संयुक्त पहल को आगे बढ़ाते हुए तीन सौ कंबल डोनेट किया।

**ठंड से बचाने के लिए पहल**

डॉक्टर्स के बीच सिविल सर्जन जिला अस्पताल आर सूर्यवंशी के हाथों मरीजों के सेवार्थ कंबल सौंपा गया । अतिथि मणिशंकर चंद्रा सह पुलिस अधीक्षक धमतरी ने ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण के इस कार्य सराहनीय सेवा बताया। कार्यक्रम की संयोजिका जानकी गुप्ता ने कहा कि जिला अस्पताल के साथ ही अन्य स्थानों में 300 कंबल का वितरण किया है। ठंड से राहत देने में अपना योगदान देने की सोच से इस तरह का प्रयास करते हैं।

## सिटी इवेंट

# विद्यार्थियों को परामर्श सत्र में रुचि के अनुसार कॅरियर चुनने दी सलाह



**रायपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 9वीं और 10वीं में नामांकित छात्रों के लिए करियर परामर्श सत्र का आयोजन मनोविज्ञान विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य स्कूली बच्चों की उनकी रुचियों और मनोवैज्ञानिक कल्याण के साथ उनकी करियर प्राथमिकताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। छात्रों का मूल्यांकन एन रो द्वारा स्थापित अनुभवजन्य ढांचे पर आधारित मनोवैज्ञानिक उपकरणों का उपयोग करके किया गया। मूल्यांकन के परिणामों पर बाद में कॉलेज के प्रोफेसरों और प्रशिक्षु परामर्शदाताओं द्वारा छात्रों के साथ एक-एक करके विचार-विमर्श किया गया। कॉलेज के प्रशासक फादर डॉ. पीएस वर्गीस और प्राचार्य डॉ. एमजी रॉयमन ने विभाग को इस तरह के रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. देबजानी मुखर्जी ने मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यवसाय के रुझान विषय पर बात रखी। संस्था की प्राचार्य मित्रा रॉय चौधरी ने अन्य विभिन्न स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### दूधाधारी मठ में देवसुंदरा गांव से लाई जा रही हल्दी

# छत्तीसगढ़ी रस्म के साथ होगा राम जानकी का विवाह, सोने और चांदी के आभूषणों से श्रृंगार

राम-जानकी विवाह से पूर्व रस्मों का शुभारंभ मंदिर परिसर में जारी है। जहां वर-वधु के हल्दी, मेहंदी, भव्य श्रृंगार एवं विवाह की तैयारी जोरों पर है। सोमवार से प्रारंभ हल्दी के रस्म मंगलवार को भी निभाई गई, जहां महिलाओं का समूह श्रीराम एवं माता सीता की हल्दी रस्म में शामिल हुआ। हमेशा की तरह इस बार भी मंदिर में रोजाना निभाई जा रही रस्मों के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।





**रायपुर।** राम-सीता मंदिरों में रोजाना सुबह शादी की रस्में की जा रही हैं, जहां श्रद्धालु शामिल होकर उत्सव भजन का गायन कर रहे हैं। शहर स्थित दूधाधारी मठ एवं जैतूसाव मठ में श्रीराम एवं माता सीता की प्रतिमा विराजमान है। जहां विवाह पूजन पुजारियों के सानिध्य में किया जा रहा है। इस वर्ष 6 दिसंबर को राम-जानकी विवाह का आयोजन मंदिरों में रखा गया है, जहां सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट खुले रहेंगे। बाजे-गाजे एवं पूर्ण रीति-रिवाज के साथ विवाह संपन्न कराया जाएगा, जिसके लिए माहभर पहले से तैयारी की जा रही है।

**छत्तीसगढ़ी रस्म के साथ होगा विवाह**

दूधाधारी मठ के सदस्य राम छवि ने बताया, मठ में 5 दिसंबर से विवाह पूजा की शुरुआत की जाएगी। शाम 5 बजे से स्नान-ध्यान के बाद हल्दी एवं मेहंदी की रस्म निभाई जाएगी। हल्दी पूजन के लिए देवसुंदरा गांव से हल्दी मंगाई जा रहा है। राम-जानकी विवाह छत्तीसगढ़ी पूजन एवं रस्मों के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर स्वर्ण एवं चांदी के आभूषणों से श्रृंगार और चमकदार पीली पोशाक धारण कराई जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए दोपहर में भोग-भंडारे की व्यवस्था की गई है।



**माता सीता के चरणों में लगाया आलता**

जैतूसाव मठ के मुख्य पुजारी सुमित तिवारी ने बताया, सोमवार से विवाह की रस्में प्रारंभ हो गई हैं। मंगलवार को ब्राह्मण बालकों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमाओं का दशाविध स्नान अभिषेक कराया गया, जिसके पश्चात महिलाओं द्वारा तेल-हल्दी की रस्म शुरू की गइ। पूजन के अवसर पर माता सीता के पैरों आलता लगाया गया। प्रत्येक वर्ष हल्दी से पूर्व ही मंदिर परिसर में तैयारी शुरू हो जाती है। विवाह के दौरान मंदिर परिसर में लगी कच्ची हल्दी को पीसकर लगाया जाता है, जिसे आंवला या चमेली के तेल में मिलाकर विशेष रूप से तैयार किया जाता है। जैतूसाव मठ के अजय तिवारी ने बताया, विवाह पूजन में मंदिर के मुख्य पुजारी एवं महिलाओं का विशेष महत्व होता है, जो विवाह की सभी रस्मों में शामिल होती हैं। गर्भगृह के बाहर महिलाएं हल्दी की रस्म पूर्ण करती हैं, जिसके बाद पुजारी द्वारा आगे की रस्म निभाई जाती है।

**आज मंदिर में मेहंदी की रस्म**

जैतूसाव मठ में बुधवार सुबह से विवाह पूजन की तैयारी जारी रहेगी। इस दौरान तेल-हल्दी उतारी जाएगी और मेहंदी का रस्म निभाई जाएगी। इस अवसर पर विशेष रूप से मंत्रोच्चार के साथ दशाविध स्नान अभिषेक भी किया जाएगा। वहीं 6 दिसंबर को सुबह 8 बजे से पूवाह पूजन, आरती एवं भोग-भंडारा किया जाएगा। इस अवसर पर स्वर्ण एवं चांदी के आभूषणों से भगवान की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

# मरीन ड्राइव...अब एडवेंचर गेम्स भी









रायपुर। शहर का मरीन ड्राइव अब एडवेंचर हब बनने लगा है। इस एडवेंचर पार्क में रस्सी में लटककर मरीन ड्राइव पार कर रहे हैं। सेफ्टी व्यवस्था के साथ एडवेंचर एक्टिविटी जिप लाइन, जिप रोलर व जिप साकल समेत रोप कार्स का मजा ले रहे हैं। यहां लोगों को जीरो ग्रेविटी का एहसास हो रहा है।

# अच्छे पुण्य कार्यों से पवित्र होती है आत्मा

**रायपुर।** पाप और पुण्य हमारे अच्छे और बुरे कर्मों का आधार बनते हैं। जैसे हम अपने अपने जीवन में अच्छे कार्य करते हैं, देव, शास्त्र, गुरु के बताए मार्ग पर चलते हैं तो हमें इसके अच्छे परिणाम इस जीवन के अलावा अगले पर्याय में भी मिलते हैं। यह कहना है मुनिश्री पुनीत सागर का, जिन्होंने श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में प्रवचन के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित किया। अगर हम सदा बुरे कार्यों में लगे रहेंगे तो इसका परिणाम हमेशा बुरा ही मिलेगा। अच्छे पुण्य कार्यों से आत्मा पवित्र होती है, पाप से दुर्गति होती है। मंगलवार को सुबह नित्य अभिषेक, शांतिधारा पूजन के बाद मुनिश्री द्वारा श्रद्धालुओं को अच्छे एवं बुरे कर्मों पर विशेष प्रवचन दिया गया।



**समाधि महोत्सव का आयोजन**

श्रीश्री 108 आगम सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा, संत शिरोमणि विश्व वंदनीय आचार्य की समाधि को एक वर्ष पूर्ण हो चुका है। आचार्य का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को कर्नाटक राज्य में हुआ। अपने 22 वर्ष की आयु में आचार्य की दीक्षा प्राप्त की। मुनिश्री की समाधि प्रदेश के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थस्थल में स्थित है। समाधि महोत्सव के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इस दौरान समाधि स्थल में आचार्यश्री के जीवन का बचपन से लेकर समाधि तक संपूर्ण परिचय सुनने को मिलेगा।

**श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रवचन**

**विनय कुशल मुनि आज आएंगे रेगलिया सोसाइटी**

*रायपुर। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में 4 महीने का चातुर्मास बिताने के बाद विनय कुशल मुनिश्री, विराग मुनिश्री आदि ठाणा विहार करते हुए अब शंकर नगर तक पहुंच गए हैं। बुधवार को सुबह 6.30 बजे वे यहां जैन मंदिर से विहार कर रेगालिया सोसाइटी पहुंचेंगे। सुबह 7.15 बजे गंगा डायग्रोस्टिक के पास उनका मंगल प्रवेश होगा। सोसाइटी के टाटिया हाउस में संतजन सुबह 9 से 10 बजे तक प्रवचन देंगे। इसके बाद बंगला नंबर-2 में साधु महाराज और बंगला नंबर-6 में साध्वी भगवंत विराजमान रहेंगे। भक्तजन उनके दर्शन-वंदन के लिए यहां आ सकते हैं। नरेश जैन, पवन जैन, हितेश टाटिया, संदेश व पूरे सोसाइटी के लोग तैयारी में लगे हुए हैं।*

### सात संमदर पार कर पहुंच रहे विदेशी पक्षी, टोलाघाट, बेलौदी समेत ठगड़ा बांध सुरक्षित जगह

# ठंड में प्रवासी पक्षियों को भा रही राजधानी की आबोहवा फिर यूरोपियन-सायबेरियन बड्र्स ने बनाया आशियाना

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** विदेशी प्रवासी पक्षियों को छत्तीसगढ़ की आबोहवा खूब भाने लगी है। ठंड के मौसम में एक बार फिर सायबेरियन, पैसिफिक गोल्डन, ग्रे हेडेड लेपन विदेशी पक्षी नजर आने लगे हैं, जो सात समंदर पार से आकर राजधानी के सेंध जलाशय, टोलाघाट, आरंग स्थित कोडार लेक समेत बार नवापारा के जंगलों में अपने परिवार के साथ डेरा डाले हुए हैं। इन पक्षियों को वाइल्डलाइफ फोटोग्रॉफर्स ने अपने कैमरे में कैद भी किया है। साथ ही दुर्लभ विभिन्न प्रजाति का रिकार्ड तैयार किया है।



हरिभूमि ने वाइल्ड लाइफ से जुड़े प्रकृति प्रेमियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि नंवबर महीने से प्रवासी पक्षियों का आगमन राजधानी समेत बार नवापारा, अचानकमार के जंगलों में शुरू हो चुका है। शहर के टोलाघाट में 100 से अधिक साइबेरिया से प्रवासी पक्षियों ने घर बनाया है। इन पक्षियों को रहने के लिए यहां सुरक्षित वातावरण और भोजन भी प्रचुर मात्रा में मिल जाता है, इसलिए हर साल बारिश और ठंड में पक्षियों का झुंड यहां चला आता है। गर्मी शुरू होते ही सायबेरियन पक्षी ठंडी जगह पर चले जाते हैं। नवा रायपुर स्थित सेंध जलाशय में भी लैडर सैंड प्लोवर, वुड सैंडपाइपर जैसे छोटे पक्षियों की उड़ान इन दिनों दिखाई दे रही है।

**छत्तीसगढ़ पक्षियों के लिए सुरक्षित**

ठंड के दिनों में यूरोपियन पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां राजधानी के आसपास दिखाई देने लगी हैं। सर्जन व वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर डॉ. शेखर वर्मा ने बताया कि विदेशों में अधिक ठंड होने के बाद अब प्रवासी पक्षी छत्तीसगढ़ की ओर आने लगे हैं। बीते दिनों मंदिर हसौद स्थित कठिया डेम में यूरोपियन पाइड हैरियर पक्षी देखा गया। यह पक्षी बेहद दुर्लभ है। इसके अलावा बार हेडेड पक्षी, जो सेंट्रल एशिया में पाया जाता है, इसे बंगोली डेम में देखा गया। इसे सबसे सबसे अधिक ऊंचाई पर उड़ने वाला पक्षी कहा जाता है। ठंड अधिक होने से यह पक्षी अब साउथ की ओर से छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं।

**बेलौदी बांध में जापान के ग्रे हेडेड लेपन का बसेरा**

राजधानी से आसपास के बांधों में बड़ी संख्या में विदेशी पक्षियों ने बसेरा बनाया हुआ है। अम्लेश्वर स्थित बेलौदी बांध, पाटन के संतारा बांध और आरंग के कोडार बांध में बड़ी संख्या में प्रकृति प्रेमी प्रवासी पक्षियों को देखने पहुंच रहे हैं।



वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर चेतन वर्मा का कहना है कि इन जगहों पर अलग-अलग मौसम में कैस्पियन सागर, तिब्बत और साइबेरिया से प्रवासी पक्षी आते हैं। बेलौदी के बांध के निकट पेड़ों पर ग्रे हेडेड लैपविंग ने इस बार बसेरा बनाया है। यह प्रजाति चीन और जापान में पाई जाती है। यह पक्षी चमकीले रंग का होता है और इसके पंजे भी बड़े होते हैं। बांध के कीड़ों को ये अपना भोजन बनाते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सिख प्रीमियर लीग 6 दिसंबर से, मैदान में उतरेंगी 12 टीमें

**रायपुर।** शहीद भाई तारु सिंह फाउंडेशन रायपुर द्वारा हर साल आयोजित किये जाने वाली नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता इस साल 6 दिसंबर से शुरु हो रही है। सिख प्रीमियर लीग (एसपीएल) के आयोजन का यह सोलहवां वर्ष हैं। सभी तैयारियां पूरी हो गई है। संस्था के प्रमुख त्रिलोचन सिंह काले ने बताया कि हर साल ये कोशिश होती है प्रायः सभी प्रमुख शहरों से आने वाली टीमें प्रतियोगिता में शामिल रहे। इस बार कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं जिसमें प्रमुख रूप से जम्मू कश्मीर, तेलंगाना, नांदेड़, नागपुर, हैदराबाद, छत्तीसगढ की टीमें शामिल रहेंगी। डब्ल्यूआरएस क्रिकेट ग्राउंड में मैच खेला जायेगा। फाइनल मैच 16 दिसंबर को होगा। नियमावली हर साल होने वाले आयोजन की तरह ही है।

### नेशनल कराते चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ को 5 रजत और 6 कांस्य



**रायपुर।** ऑल इंडिया कराते डू फेडरेशन द्वारा 32वीं ए आई .के.एफ नेशनल कराते चैंपियनशिप का आयोजन ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में हुआ। जिसमें विभिन्न राज्यों के लगभग 800 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में सर्वाधिक पदक जीतकर उत्तर प्रदेश प्रथम व मध्य प्रदेश, राजस्थान क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 रजत व 6 कांस्य पदक जीते। बालक वर्ग के व्यक्तिगत काता और फाइट में छत्रपाल साहू, पवित्र सोनकर , हर्ष अवस्थी बालिका वर्ग में कुमुद दौडिया, तथा पुरुष वर्ग टीम काता में अभिषेक पांडे भविष्य श्रीगंगे संदीप ने फाइनल मुकाबले में कुछ अंक से पिछड़ कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। वहीं हर्ष अवस्थी, भविष्य श्रीगंगे और रणवीर सिंह ठाकुर ने व्यक्तिगत वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग के टीम काता में हर्ष अवस्थी, अभिषेक व्यास, पवित्र सोनकर तथा बालिका वर्ग 18 वर्ष से अधिक टीम काता में नेहा खुटी, भूमिका ठाकुर, ट्विंकल दौडिया ने कांस्य पदक प्राप्त किया। चैंपियनशिप के दौरान आयोजित फेडरेशन की सामान्य सभा में छत्तीसगढ़ कराते संघ के सचिव अजय साहू ने भाग एवं 33 वीं राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप का आयोजन छत्तीसगढ़ में करने का प्रस्ताव रखा। इस चैंपियनशिप के पूर्व रेफरी सेमिनार व परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें प्रदेश के मोहम्मद नियाज का चयन हुआ। खिलाड़ियों के रायपुर आगमन पर आज रेलवे स्टेशन में बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया खिलाड़ियों की सफलता पर छत्तीसगढ़ कराते संघ के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष ओ पी शर्मा, कमलेश देसाई, विवेकानंद भट्टाचार्य, योगेश राज कोटिया और नेहा पुरोहित ने हर्ष जताया है।

### वेटरन क्रिकेट में वारियर्स और टाइटंस को मिली जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ लेजेन्डस प्रीमीयर लीग 2024 का आयोजन एक से 7 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की कुल 6 टीम हिस्सा ले रहीं है। लीग में 35 वर्ष से अधिक की आयु के लगभग 120 खिलाडी हिस्सा ले रहें है। पहले दिन का पहले मैच क्युसीआई वारियर्स तथा लिटिल स्टार इनफिनिटी के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर में खेला गया। क्युसीआई वारियर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बारिश की वजह से मैच 15-15 ओवरों का खेला गया। लिटिल स्टार इनफिनिटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 15 ओवरों में 6 विकेट खोकर 123 रन बनाए। इनफिनिटी की ओर से विक्रम बत्रा ने शानदार 35 रन बनाये तथा टीम को खराब शुरुआत से उबारा। उनके अतिरिक्त मनदीप सिंह ने 22 रन बनाये। क्युसीआई वारियर्स की ओर से जितेन्द्र गिरी ने 2 विकेट, कृष्णा तथा कलीम खान ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्यु.सी.आई. वारीयर्स की टीम ने 14.5 ओवरों में 6 विकेट खोकर 124 रन बनाकर मैच जीत लिया। वारियर्स की ओर से कृष्ण कुमार द्विवेदी ने 33 रन तथा कलीम खान ने 32 रन बनाये। इनफिनिटी की ओर से मनोज सोनी तथा राजेश खूबवानी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। वारियर्स ने मैच 4 विकेट से जीत लिया। वारियर्स के जितेन्द्र गिरी प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

दूसरा मैच प्रगति प्राइड, रायपुर तथा स्टील टायटन्स, भिलाई के मध्य आरडीसीए मैदान रायपुर में खेला गया। स्टील टायटन्स, भिलाई ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्रगति प्राइड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 164 रन बनाये।

● लगातार बढ़ रही है डायबिटिक फुट की समस्या

# मधुमेह का स्तर अगर बढ़ा रहता है तो सीधा असर आपके पैरों पर भी, रहें सचेत

डायबिटीज के कारण आपने आंखों की रोशनी कम होने, किडनी पर असर होने सहित कई अन्य समस्याओं के बारे में सुना-देखा होगा। पर क्या आपको पता है कि अगर आपका शुगर लेवल अक्सर हाई रहता है तो इससे डायबिटिक फुट नाम की समस्या हो सकती है, जिसमें पैरों को काटना तक पड़ सकता है। ब्लड शुगर का अक्सर बढ़ा रहना सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है। समय के साथ इसके कारण न सिर्फ टाइप-2 डायबिटीज होने का जोखिम रहता है साथ ही ये आंखों, किडनी, हार्ट और पाचन तंत्र के लिए भी समस्याकारक है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अपना शुगर कंट्रोल रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह देते हैं। डॉक्टर कहते हैं, ब्लड शुगर का सामान्य स्तर 70 से 100 मिलीग्राम प्रति डेसीलिटर के बीच होता है। भोजन के बाद अगर आपका शुगर लेवल लगातार 130 मिलीग्राम प्रति डेसीलिटर या इससे अधिक बना रहता है तो आपको अलर्ट हो जाने की आवश्यकता है।



### ब्लड शुगर बढ़े रहने के नुकसान

डायबिटीज के कारण आपने आंखों की रोशनी कम होने, किडनी पर असर होने सहित कई अन्य अंगों से संबंधित समस्याओं के बारे में सुना-देखा होगा। पर क्या आपको पता है कि अगर आपका शुगर लेवल अक्सर हाई रहता है तो इससे डायबिटिक फुट नाम की समस्या हो सकती है। ये कई मामलों में खतरनाक है, गंभीर स्थितियों में रोगी की जान बचाने के लिए पैरों को काटना तक पड़ सकता है। डॉक्टर्स कहते हैं, डायबिटीज की गंभीर स्थिति रक्त वाहिकाओं को क्षतिग्रस्त करने लग जाती है, जिसके कारण कुछ लोगों को डायबिटिक फुट बीमारी का खतरा हो सकता है।

### क्या है डायबिटिक फुट बीमारी?

पुणे स्थित एक अस्पताल में एंडोक्रोनोलॉजिस्ट डॉ आमिर काजी बताते हैं, डायबिटिक न्यूरोपैथी की समस्या जिसमें पैरों की नसों को नुकसान पहुंचने लगता है, इसके कारण अक्सर पैरों में दर्द, झुनझुनी और सुन्नता बनी रहती है। इसपर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो पैर की उंगलियां और अन्य हिस्सों में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है जिससे कोशिकाएं डेड होने लग जाती है। पैरों पर काले धब्बे दिखना इसका संकेत है, शुगर बढ़े रहने के कारण ये अल्सर में बदलने लगते हैं। इस स्थिति में प्रभावित हिस्से को काटने तक की भी नौबत आ सकती है। पैरों में इसका असर अधिक देखा जाता रहा है।

### डायबिटिक फुट में क्या दिक्कत होती है?

डायबिटिक फुट और अल्सर की समस्या मधुमेह वाले लगभग 20 प्रतिशत रोगियों में देखी जाती है। पैरों में रक्त का संचार कम हो जाने के कारण वहां की कोशिकाएं मृत होने लगती हैं जिसके कारण सड़न और घाव हो सकती है। पैरों की उंगलियों, तलवे या ऊपरी सतह पर सड़न और घाव होने की स्थिति में सुधार न होने पर प्रभावित हिस्से की सर्जरी करनी होती है जिससे अन्य हिस्से को बचाया जा सके। इस तरह की समस्या को जानलेवा भी माना जाता है।

### क्या कहते हैं डॉक्टर?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों को डायबिटिक न्यूरोपैथी की समस्या है उन्हें पैरों की विशेष देखभाल करनी चाहिए। पैरों को गुनगुने पानी और साबुन से धोएं और अच्छी तरह से सुखाएं, खासकर पंजों के बीच में। पैरों की त्वचा को ठीक से मॉइस्चराइज किया जाना चाहिए। ये दिन में दो से तीन बार जरूर करें। इसके अलावा, नंगे पैर न चलना, सही आकार के जूते पहनना और पैरों को किसी प्रकार की चोट से बचाकर रखना बहुत जरूरी है। समय-समय पर शुगर की जांच जरूर कराते रहें।



## छत्तीसगढ़ के तीरंदाज हिस्सा लेंगे अखिल भारतीय विवि खेलों में

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय परिसर में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर से पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के 12 संबद्ध महाविद्यालयों के कुल 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 15 लड़कियों और 15 लड़कों ने अपनी तीरंदाजी कौशल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने कंपाउंड राउंड, इंडियन राउंड और रिकर्व राउंड में अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्य अतिथि यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष एवं टीआईएसएस चांसलर प्रो. डी.पी सिंह ने विद्यार्थियों और प्रतिभागियों से भेंट कर कहा कि मेरे लिए यह वास्तव में सम्मान की बात है। हम न केवल खेल की भावना के लिए बल्कि शिक्षा, ज्ञान और रचनात्मकता के आदर्शों को अपनाने के लिए भी एकत्र हुए हैं जो हमारे भविष्य को आकार देंगे। इस प्रतियोगिता के शीर्ष चार खिलाड़ियों का चयन किया गया, जो केकेआईटी भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में भाग लेंगे।



बॉयज केटेगरी इंडियन राउंड के विजेता नकुल सिंह (विप्र कॉलेज) ,कंपाउंड राउंड के विजेत अर्क महोबिया (महंत कॉलेज), रिकर्व राउंड के विजेता मयूर (महाराजा अग्रसेन कॉलेज) रहे।

गर्ल्स केटेगरी में इंडियन राउंड की विजेता हर्षिता साहू (शासकीय छत्तीसगढ़ कॉलेज), कंपाउंड राउंड की विजेता आर्शी यादव (महंत कॉलेज), रिकर्व राउंड की विजेता क्षमा पिस्दा (शासकीय डी. बी गर्ल्स कॉलेज) रही। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता ने न केवल प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया, बल्कि युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।

### मुश्ताक अली ट्रॉफी में शशांक और अनुज की शानदार पारी





**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन 23 नवंबर से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा टी-20 मैच मंगलवार को विषाखापटनम में विदर्भ टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 206 रन बनाये। विदर्भ की ओर से एस बी दुबे ने नाबाद 52 रन तथा मंदार महाले ने 39 रनों की पारी खेली। छत्तीसगढ़ की ओर से शशांक सिंह 3 विकेट प्राप्त किये। 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम 19.5 ओवरों में 190 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। छत्तीसगढ़ की ओर से अनुज तिवारी ने 98 रन बनाये। उनके अतिरिक्त आशुतोष सिंह तथा प्रतीक यादव ने 24-24 रनों का योगदान दिया।

## मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बच्चों को जरूर सिखाएं योगासन



बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा एक मार्ग की तरह है। शिक्षा प्राप्त करने बच्चे स्कूल जाते हैं। स्कूल में बच्चों को हर दिशा में निपुण बनाने के लिए कई विषयों के बारे में पढ़ाया जाता है। अक्सर बच्चे किसी विषय में कमजोर होते हैं, जिस पर उन्हें अधिक ध्यान लगाने की जरूरत होती है। वहीं कई छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे होते हैं, जिसके लिए वह घंटे पढ़ाई करते हैं।हालांकि घंटों बैठकर पढ़ने से अक्सर बच्चों को अनिद्रा, आंखों में जलन, सिर दर्द या शरीर दर्द जैसी समस्या भी होने लगती हैं। पढ़ाई में ध्यान केंद्रित न होने पाने की शिकायत भी आम है। अगर आपका बच्चा भी स्कूल व कोचिंग की घंटो क्लास लेता है, या अपने कमरे में बैठकर घंटों पढ़ाई करता है, तो उसके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ सकता है। बच्चे को शारीरिक तौर पर सक्रिय रहने की भी जरूरत होती है और मस्तिष्क को आराम देना भी जरूरी होती है। ऐसे में यहां कुछ योगासनों के बारे में जानकारी दी जा रही है। अगली स्लाइड्स में जानिए घंटों बैठकर पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए योग।

### ध्यान केंद्रित करने के लिए योग



पढ़ाई करते समय अक्सर बच्चों को ध्यान केंद्रित नहीं होता। इस कारण उनका मन भटकता रहता है और पढ़ाई में मन नहीं लगता। लगातार किताब लेकर बैठने का अर्थ पढ़ाई करना नहीं होता। बच्चा पढ़ाई पर फोकस कर सके, इसलिए वृक्षासन का अभ्यास कराएं। इस योग से शरीर का संतुलन बना रहता है और ध्यान एकाग्र करने में मदद मिलती है।

### वृक्षासन के अभ्यास का तरीका

वृक्षासन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर बाएं पैर पर संतुलन बनाते हुए दाएं पैर को मोड़कर तलवे को बाएं पैर की जांघ पर रखें। इस स्थिति में संतुलन बनाएं और हाथों को जोड़ते हुए सिर के ऊपर ले जाते हुए नमस्कार की मुद्रा ले लें। कुछ देर इसी अवस्था में रहें, बाद में दूसरे पैर से भी प्रक्रिया को दोहराएं।

### आंखों को आराम देने के लिए योग

लगातार पढ़ाई से आंखों में दर्द होने लगता है और नजर कमजोर होने की शिकायत भी हो सकती है। आंखों को आराम देने और नजर तेज करने के लिए भस्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास कर सकते हैं। इस योग से फेफड़ों, कानों और नाक पर भी असर होता है।

### भस्त्रिका प्राणायाम का तरीका

इस आसन को करने के लिए सुखासन की मुद्रा में बैठकर गर्दन और रीढ़ की हड्डी को एकदम सीधा रखें। अब शरीर को बिना हिलाए गहरी सांस लें और तेजी से दोनों नाक से आवाज करते हुए सांस छोड़ें।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम)
गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया,
बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

SMART
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office,
Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com
0771-2433880
Fire Detection
Boom Barrier Gate Automn
Audio Conf
Smart Class Set up
Walky Talky
Smart Interative Panle

मेन्स वियर मेला BRAND BAZAR
INTERNATIONAL BRAND
मानसरोवर
होलसेल से भी कम रेट में!
इससे अच्छा और सस्ता कहीं नहीं!
• जींस • टी-शर्ट • शर्ट • लोअर • बरमूडा
मानसरोवर छत्तीसगढ़ का पहला
मेन्स होलसेल हब जहाँ बड़े इंटरनेशनल ब्रांड के
आज ही विजिट करें:
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
7880002712
7880002704

पिकनिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक
बारनावापारा, सिरपुर में पिकनिक प्रति व्यक्ति केवल 650/- में
नाश्ता - दोपहर का लंच, शाम की चाय (मिनिमम 50 व्यक्तियों हेतु)
आओ और अपने परिवार और मित्रों के साथ एक यादगार दिन बिताएं!
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now ▪ KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
भामरा गार्डन बारनवापारा
9589386162

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

विक्ट्री इलेक्ट्रिक VICTORY
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा, बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
एक बार चार्ज होने पर 100 से 120 किमी. चलती जाएं
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ विक्ट्री इलेक्ट्रिक पर
पॉवर सॉल्यूशन
हुण्डई शो रूम के पास, रिंग रोड नं. 1 कुशालपुर, रायपुर (छ.ग)
6263745853
9827129838

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### आंख की रोशनी जाने की वजहों का खुलासा किया ब्रिटिश गायक एल्टन ने



हाल ही में मशहूर ब्रिटिश गायक और गीतकार एल्टन जॉन ने बताया कि किस कारण से उनकी एक आंख की रोशनी चली है। साथ ही उन्होंने अपनी आने वाली डॉक्यूमेंट्री एल्टन जॉन: इट्स नेवर टू लेट को लेकर भी खुशी जताई। कलाकारों को भी अपने जीवन में मुश्किल दौर देखना पड़ता है। ऐसा ही कुछ मशहूर ब्रिटिश गायक और गीतकार एल्टन जॉन के साथ भी हुआ है। उनकी एक आंख की रोशनी चली गई है। ऐसा कैसे हुआ? हाल ही में एल्टन जॉन ने इस बारे में विस्तार से बताया। एल्टन जॉन द डेविल वियर्स प्राडा- द म्यूजिकल देखने के लिए पहुंचे थे। लेकिन वह सिर्फ इस शो को सुन ही पाए क्योंकि देख पाना उनके लिए मुमकिन नहीं था। इस शो के गाने उन्होंने ही लिखे हैं। एल्टन ने अपने इस शो के एक्सपीरियंस के बारे में कहते हैं, 'मैंने अपनी आंखों की रोशनी खो दी है, इसलिए मैं यह शो देख नहीं पाया लेकिन मैंने इसे सुनने का पूरा मजा लिया है। शो के बाद एल्टन को उनके पार्टनर डेविड फर्निश ने काफी मदद की। एल्टन ने यह बात लंदन के डोमिनियन थिएटर में आयोजित किए गए अपने एड्स फाउंडेशन के चैरिटी फंक्शन में कही। यह चैरिटी फंक्शन रविवार शाम को हुआ। पिछले हफ्ते एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में एल्टन बताते हैं कि आखिर उनकी आंख की रोशनी कैसे चली गई। साथ ही इस वजह से उनका नए एलबम का काम भी रूक गया है। वह कहते हैं, ' जब मैं जुलाई महीन में फ्रांस में था तो एक इंफेक्शन की वजह से मेरी दायीं आंख की रोशनी चली गई। चार महीने से मैं देख नहीं पा रहा हूं।

## टॉलीवुड

### शिवाजी की भूमिका निभाएंगे कांतारा फेम ऋषभ, आई पहली झलक



कंतारा स्टार ऋषभ शेट्टी ने निर्देशक संदीप सिंह की आगामी ऐतिहासिक ड्रामा ₹द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज₹ में छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे। फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया जा चुका है, जिसमें शिवाजी महाराज के किरदार में ऋषभ शेट्टी को देखकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। भारतीय राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता अभिनेता ऋषभ शेट्टी ने इस ऐतिहासिक फिल्म ₹द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज₹ में छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का पहला पोस्टर कुछ ही देर पहले ऋषभ शेट्टी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया है, जिसे लेकर कंतारा स्टार ऋषभ के प्रशंसक बेहद खुश और उत्साहित हैं। बतौर निर्देशक संदीप की ये दूसरी फिल्म है। ऋषभ ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा किया और लिखा, "हमारा सम्मान और विशेषाधिकार, भारत के महानतम योद्धा राजा - भारत के गौरव की महाकाव्य गाथा प्रस्तुत है।" इसके साथ ही ऋषभ ने बताया कि फिल्म 21 जनवरी 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

शिवाजी की बायोपिक निर्देशक के तौर पर यह संदीप की पहली फीचर फिल्म होगी। इस प्रोडक्शन में महान योद्धा राजा की कहानी को पर्दे पर लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय तकनीकी और बेहतरीन ग्राॅफिक्स का इस्तेमाल किया जाएगा। ऋषभ शेट्टी निर्देशक संदीप की फिल्म ₹द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज₹ में छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। ऋषक्ष शेट्टी ने कहा, ₹छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाना शब्दों से परे सम्मान की बात है। वे एक राष्ट्रीय नायक हैं जिनका प्रभाव इतिहास से परे है और मुझे उनकी कहानी को स्क्रीन पर लाने में बहुत गर्व महसूस होगा।₹ संदीप सिंह ने टोरंटो टाइटल, बॉक्सिंग बायोपिक "मैरी कॉम" में उन्होंने सह-निर्माता के रूप में काम किया। इसके अलावा संदीप ने "अलीगढ़" और स्लम सॉकर फिल्म "झुंड" सहित कई फिल्मों का निर्माण किया है। उन्होंने जी 5 स्ट्रीमिंग ओरिजिनल, ट्रांसजेंडर-थीम वाली "सफेद" के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की थी।


## छॉलीवुड

### सिंगर नितिन और शर्मिला का सोशल मैसेज देने वाला नया गीत 'चँदा रे'



गायक, संगीतकार और अभिनेता नितिन दुबे अपना नया एलबम 'चँदा रे 2' लेकर आए हैं जिसमे उनके साथ गायन और अभिनय किया है गायिका शर्मिला विश्वास ने। इस गीत को सनत ने लिखा है एवं इस गीत के संगीतकार नितिन दुबे हैं। 'चँदा रे 2' 30 नवंबर को नितिन दुबे ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर और सभी ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर वर्ल्डवाइड रिलिज़ हुआ है। रिलिज़ होते ही इस गीत को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। ₹चँदा रे 2₹ गीत नितिन दुबे के सुपरहिट गीत चँदा रे का सीक्वल है। इस गीत के वीडियो में आज के युवाओं को जागृत करते हुए गुंडागर्दी के खिलाफ एक मैसेज दिया गया है और मेहनत करके अपनी जीविका चलाने के लिए प्रेरित किया गया है। अक्सर नितिन दुबे अपने गीत संगीत में कुछ नया करते हैं जिसके कारण उनके लगभग हर गीत सुपरहिट होते हैं इस बार उन्होंने 'चँदा रे 2' में युवा वर्ग को एक मैसेज देने वाला गीत बनाया है। अक्सर गायक गीत गाते हैं, संगीतकार संगीत देते हैं, अभिनेता अभिनय करते हैं,लेखक कहानी और संवाद लिखते हैं और निर्देशक निर्देशन करते हैं ।

भारतीय सुपरमॉडल्स







लाइफ स्टाइल

फैशन की दुनिया की बात निकलती है तो आज यह तथ्य गौरवान्वित करता है कि भारतीय सुपरमॉडल्स ने वैश्विक रनवे पर अपनी जगह बनाई है और अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मुख्य रूप से अवंति नागरथ, नमन नामोलिया और किरणदीप चहल की ज्यादा चर्चा है। इन सभी ने सामने आई चुनौतियों से उबर कर अपनी जगह बनाई। इन सुपर मॉडल्स की गिनती आज दुनिया के चुनिंदा मॉडल में होती है।

# ब्लैकहेड्स से हैं परेशान तो लें नींबू का सहारा, मिलेगी दमकती त्वचा



ब्लैकहेड्स की वजह से स्किन की खूबसूरती में दाग लग जाता है। अगर इसके कारण की बात करें तो ब्लैकहेड्स सीबम के निर्माण के कारण होता है, जिससे त्वचा के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं। ऐसे में कई बार लोग ब्लैकहेड्स को नोंच कर निकाल देते है, जो त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे चेहरे पर निशान पड़ जाते हैं और रोमछिद्र बड़े हो सकते हैं। आप चाहें तो ब्लैकहेड्स पर डायरेक्ट नींबू का रस लगा सकते हैं। इसके लिए सीधे नींबू का रस निकालें और उसे ब्लैकहेड्स पर लगाएं। इसे 10-15 मिनट छोड़ें और फिर हल्का मसाज करके धो दें। इसके लिए एक छोटे चम्मच नींबू का रस और एक छोटी चमच्च शहद मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस मिश्रण को ब्लैकहेड्स वाली त्वचा पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद गर्म पानी से धो दें। नींबू के रस में थोड़ा सा चीनी और बेसन मिलाकर एक स्क्रब तैयार करें। इस स्क्रब में आप चाहें को थोड़ा का गुलाब जल डाल सकते हैं। अब इससे ब्लैकहेड्स पर मसाज करें और फिर उसे धो दें। अंडे की सफेदी ब्लैकहेड्स को हटाने में काफी कारगर रहती है। इस मास्क को बनाने के लिए एक अंडे की सफेदी और आधे नींबू के रस को मिक्स करके एक स्मूद पेस्ट तैयार कर लें। अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं। इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा।

# दिखना चाहती हैं सलवार-सूट में लंबी, इन डिजाइंस को करें ट्राई





फैशन



सूट के डिजाइन को चुनने से पहले अपनी बॉडी शेप को समझना बेहद जरूरी होता है और उसी हिसाब से ही आपको अपने लुक को स्टाइल भी करना चाहिए। सलवार-सूट पहनने में सबसे कम्फ़र्टेबल होते हैं। इस बात से हम सभी वाकिफ हैं। वहीं इसके कई डिजाइन आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन इसे स्टाइल करने के कई तरीके होते हैं ताकि आप अपने लुक को आकर्षक बना पायें।

खासतौर से हम सूट में अपनी हाइट को लम्बा दिखाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए आपको अपनी बॉडी शेप के अनुसार सही सूट के डिजाइन को चुनना बेहद जरूरी होता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले सूट के कुछ खास डिजाइंस और बताएंगे इन लुक्स को स्टाइलिश बनाने के आसान टिप्स।

### शॉर्ट कुर्ती के साथ शरारा सूट

लंबी दिखने के लिए आप शॉर्ट कुर्ती के साथ इस तरह का हाई वेस्ट शरारा पहन सकती हैं। इस तरह के सूट आप प्लेन फैब्रिक लेकर गोटा-पट्टी लेस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस सूट को डिजाइनर सूरीना चौधरी द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके के लुक के साथ आप गले से लगा चोकर और मैचिंग स्टड्स को स्टाइल करें।


### कलीदार सूट डिजाइन

कलीदार सूट लगभग हर समय फैशन ट्रेंड में पसंद किए जाते हैं। इस स्टाइलिश बैक नेक डिजाइन के सूट को डिजाइनर अंजना बोहरा द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके के सिल्क सूट आपको लगभग 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे।इस तरह के सूट लुक के साथ आप स्लीक बन हेयर स्टाइल को चुनें।

### वेलवेट सूट डिजाइन

सर्दियों में ठंड से बचने और स्टाइलिश दिखने के लिए वेलवेट सूट आपके बेहद काम में आ सकते हैं। इस स्टाइलिश सूट को डिजाइनर सुरीना चौधरी द्वारा डिजाइन किया गया है।

# सर्दियों में ऐसा करें मेकअप, पार्टी में सिर्फ आप पर रहेंगी सभी की नजरें



हर मौसम का मेकअप अलग-अलग होता है। सर्दियों के मौसम में मेकअप थोड़ा ब्राइट रखा जाता है। गर्मी के मौसम जिन रंग का इस्तेमाल नहीं किया जाता है, उनका रंगों का सर्दियों के मौसम में इस्तेमाल किया जा सकता है। अब चूंकि शादियों का मौसम चल रहा है तो मेकअप में आपको कुछ खास ध्यान रखना होगा।

### कैसे करें मेकअप?

इस समय आंखों के दो लुक को खूब किया जा रहा है। कैट और स्मोकी आई को लोग पसंद कर रहे हैं। अगर आप चाहें, तो डबल आईलाइनर के ऑप्शन को भी चुन सकती है। आप जिस भी लुक को कैरी करें, उसे आपको मस्कारे से उभारना चाहिए। अगर आप सर्दियों में ब्राइट कल का इस्तेमाल करेंगी, तो अच्छा लगेगा। आप ब्लू, पर्पल और ऑरेंज रंगों के ऑप्शन चुन सकती हैं। आई लाइनर में आप ब्लैक कलर का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इसमें आपको चॉकलेट ब्राउन, फॉरेस्ट ग्रीन और नेवी ब्लू कलर के ऑप्शन को चुनना चाहिए। अगर आप इस रंगों का इस्तेमाल कर रही हैं, तो आप लिपस्टिक का कलर लाइट रखें, जिससे ये रंग उभरकर आएंगे।

-ब्रॉन्जर का इस्तेमाल करें, लेकिन बहुत कम। थोड़ा सा ही ब्रॉन्जर त्वचा पर लगाएंगे, तो भी चेहरा खिल जाता है। गर्मियों में जिस कल की नेलपॉलिस आप नहीं लगा पाई हैं, तो आप इस मौसम में इस्तेमाल करें। डार्क रेड, बरगंडी, पर्पल और नेवी ब्लू जैसे कलर से इस मौसम में शानदार लुक आता है।

# कोट की असल लंबाई और फिटिंग होनी चाहिए कितनी? जानिए एक्सपर्ट से

कोट पहनने का शौक आपको है और पार्टी वगैरह में तो आप बस सूट ही पहनते हैं तो आपको इसकी सही लेंथ और फिटिंग के बारे में भी पता होना चाहिए। ताकि कोट के साथ आपको परफेक्ट लुक मिल सके। दरअसल सूट अगर फिटिंग का न हो और इसकी लंबाई अगर ठीक न हो तो लुक बिगड़ सकता है। इसलिए सूट की सही लेंथ और फिटिंग के बारे में जान लीजिए, आपके लिए ये काफी काम की फैशन टिप्स साबित होगी-

### सबसे पहले टाई पर हो ध्यान

कोट की सही लेंथ जानने और लुक में शामिल करने से पहले आपको अपनी टाई की लंबाई पर ध्यान देना होगा। इसकी लेंथ न ज्यादा छोटी और न ज्यादा बड़ी होनी चाहिए। टिप ये है कि टाई की लंबाई पैंट की बेल्ट तक होनी चाहिए।

### सूट लेंथ हो बैलेंस

सूट की लेंथ ऐसी होनी चाहिए कि आपकी ऊपरी और निचली बॉडी में बैलेंस दिखे। इसलिए सूट की जैकेट की लंबाई कमर से थोडा नीचे होनी चाहिए। अगर आपकी लंबाई 5'9" से ज्यादा है तो इसकी लेंथ थोड़ी और लम्बी भी हो सकती है।



### अगर बाहें इतनी दिख रही हैं तो

आपके सूट की सही लंबाई नापने का एक तरीका और है। इसके लिए देखिए आपकी शर्ट कि बाहें सूट की बाहों से करीब आधे इंच दिख रही हैं या नहीं। अगर ये नहीं दिख रही हैं तो या तो जैकेट ज्यादा लंबी है या बांहें ज्यादा छोटी हैं।

### ओवेरकोट पहन रहे हैं तो

अगर आप ओवरकोट पहनना चाहते हैं तो इसकी लेंथ पर भी आपको ध्यान देना होगा। इसकी लंबाई हमेशा घुटनों से ऊपर होनी चहिए।

कार्नर न्यूज

मौसम को ध्यान में रखते हुए अपनाएं पहनावा

# सर्दी के लिए ऐसे चुनें जिमवियर, एक्सरसाइज करने के दौरान आपकी स्टाइल रहेगी मेंटेन

सर्दी में वैसे भी स्टाइल गड़बड़ हो जाती है। अब इस पर भी जिम के कपड़े हों तो मामला और कठिन ही होता है, मगर कुछ खास बातों का ध्यान रखा जाए तो सर्दी के जिम वियर में भी आप पर्फेक्ट ही दिखेंगे।


जिम वियर में भी स्टाइल में रहना है तो आपको ये टिप्स फॉलो करने होंगे। इन टिप्स के साथ आप 'आउट ऑफ फैशन' कभी नहीं होंगे। इन टिप्स पर नजर डाल लेते हैं-

### स्पेशल हुडी लेयरिंग से बनिए स्टाइल पर्फेक्ट

लेयरिंग के साथ जिम के कपड़ों में भी स्टाइल का तड़का लगाया जा सकता है। वैसे भी सर्दी में लेयरिंग फैशन का सबसे कारगर फंडा होती है। इसके लिए पहली लेयरिंग कुछ ऐसी पहनिए जो फिटिंग वाली हो। इसके ऊपर से जॉगर्स और हुडी पहनिए। इसके ऊपर से आप कुछ स्टाइलिश जिम वाली जैकेट पहन सकते हैं।

### ये रंग करेंगे कमाल

सर्दी में जिम वियर भी ऐसे चुनें, जिनके रंग म्यूटेड हों। ऐसे रंगों को सिर्फ कपड़ों में नहीं बल्कि जिम एक्सेसरीज में भी इन्हीं रंगों को चुनें। म्यूटेड कलर वो होते हैं जो



ब्राइट नहीं होते हैं बल्कि हल्के डल से होते हैं और अच्छे भी लगते हैं।

### सर्दी के कपड़ों में भी फिटिंग

ज्यादातर बार ये होता है कि सर्दी के कपड़ों में लोग लुक्स तो देखते हैं लेकिन फिटिंग पर ध्यान नहीं देते हैं। लेकिन जिम वियर की बात आए तो इनमें फिटिंग देखना जरूरी हो जाता है। बैगी स्टाइल के कपड़े जिम के लिए बिल्कुल भी नहीं हैं। जिम वियर के फैशन में इन रहना है तो आपको फिटिंग वाले कपड़े ही पहनने होंगे।

### जॉगर्स सेट और कार्गो पैंट्स हैं जरूरी

जॉगर्स सेट आजकल के समय का ट्रेंड है। ये एक ऐसा ट्रेंड है जिसे बड़े-बड़े फिल्म स्टार भी फॉलो करते हैं। इनकी पैंट में एंकल ग्रिप होती है, जिससे काफी स्टाइल मिल जाती है। वहीं कार्गो पैंट्स भी कमाल करती हैं और ज्यादातर बॉडी टाइप पर सूट करती ही हैं। ये दोनों ही स्टाइल इंडोर और आउटडोर वर्कआउट के लिए काम करते हैं।

### स्पेशल हुडी

बाजार में ऐसी कई हुडी मिलती हैं जिनमें खास मटेरियल का इस्तेमाल किया जाता है। ये वो हुडी होती हैं सर्दी से तो बचाती ही हैं वर्कआउट के दौरान आने वाले पसीने को भी सोखती रहती है। इसमें बाहर और अंदर दो अलग तरह के मटेरियल लगे होते हैं।

